चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 247, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 6 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# देवरिया हत्याकांड में योगी सरकार का बड़ा एक्शन...

## एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत 15 पर गिरी गाज

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने देवरिया हत्याकांड में उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत को तत्काल निलंबित कर दिया है। साथ ही इससे जुड़े पूर्व अधिकारियों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों जनपद देवरिया में घटित प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया है। गुरुवार को घटना की गहन समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी। शासन की रिपोर्ट में जनपद देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी कर्मचारी, अधिकारी की घोर लापरवाही एवं कर्तव्यपालन में शिथिलता संज्ञान में आयी है। उक्त विवाद के संबंध में सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में आनलाइन पुलिस विभाग, राजस्व विभाग को भेजी गई थीं एवं दोनो विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गम्भीरतापूर्व संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वर्तमान उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत को तत्काल निलंबित किया जाए। पूर्व में उपजिलाधिकारी रहे राम विलास, ओम प्रकाश, ध्रुव शुक्ला एवं संजीव कुमार उपाध्याय के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। सेवानिवृत्त तहसीलदार वंशराज राम एवं सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक रामानन्द पाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करें। अभय राज



(वर्तमान में निलंबित तहसीलदार) को अतिरिक्त आरोप पत्र जारी किया जाए। रामाश्रय तत्कालीन तहसीलदार, सम्प्रति तहसीलदार जनपद बलरामपुर को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्थित की जाए तथा केशव कुमार तहसीलदार रूद्रपुर को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाए। विशाल नाथ यादव (राजस्व निरीक्षक), राजनन्दनी यादव (क्षेत्रीय लेखपाल), अखिलेश (लेखपाल) को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाए। हेड कॉन्स्टेबल राजेश प्रताप सिंह, कॉन्स्टेबल अवनीश चौहान, हल्का प्रभारी / उपनिरीक्षक जय प्रकाश दुबे व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए। पूर्व में आईजीआरएस के संदर्भों में निस्तारण में लापरवाही के लिये उत्तरदायी पाए गए का. कैलाश पटेल, कॉन्स्टेबल राम प्रताप कन्नौजिया, सुभाष यादव एवं उ.नि. सुनील कुमार, पूर्व प्रभारी निरीक्षक, रूद्रपुर को निलंबित किया जाए तथा तत्कालीन क्षेत्राधिकारी, रूद्रपुर दिनेश कुमार सिंह यादव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जाए

## गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और न ही कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा: मोदी

# 'तहस-नहस हो गया कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र'

**जबलपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि न गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और न ही कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा। हमने जनधन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई, जिससे कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस नहस हो गया। आज गरीबों का पैसा गरीबों के हित में लग रहा। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले हजारों करोड़ के घोटाले हेडलाइन बना करते थे। गरीबों पर खर्च होने वाला पैसा कांग्रेस नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था। हमने कांग्रेस सरकार की बनाई भ्रष्ट व्यवस्थाओं को बदलने का अभियान चलाया। आज जिन परियोजना का शुभारंभ हुआ है, वह देश की दशा और दिशा बदलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के जयंती के अवसर पर जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने बाले वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान का शिलान्यास किया। साथ ही मंच से ही देश के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े 12 हजार 600 करोड़ की विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज जबलपुर का एक नया ही रूप देख रहा हूं। मैं देख रहा हूं, जबलपुर में जोश है। महाकौशल में मंगल है, उमंग है, उत्साह है। ये जोश और ये उत्साह दिखाता है कि महाकौशल के मन में क्या है? आज पूरा देश वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मना रहा है। दुनिया के किसी देश में रानी दुर्गावती होती तो वो देश दुनिया में उछल कूद करता, लेकिन हमारे देश में ऐसे महापुरुषों को भुला दिया गया। उनका स्मारक बनने के बाद हिंदुस्तान की हर माता, हर जन का यहां आने का मन करेगा। मैं पूरे आदिवासी समाज को, मध्य प्रदेश को और 140 करोड़ देशवासियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है, हमारी बहनों को धुएं से मुक्ति देना। क्या ये काम कांग्रेस नहीं कर सकती थी। कांग्रेस को माता-बहनों के स्वास्थ्य की परवाह नहीं थी। हमने इसलिए बड़ा अभियान चलाकर उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया।



### मोदी की गारंटी है एमपी विकास में टॉप पर आएगा: मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति देने का सौभाग्य भी भाजपा को मिला। आजादी के बाद दशकों तक जो दल सरकार में बैठा रहा, उसने एक ही काम किया, एक ही परिवार की चरण वंदना की। देश की परवाह नहीं की। देश को आजादी सिर्फ एक परिवार ने नहीं दिलाई थी, देश का विकास सिर्फ एक ही परिवार ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है। अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ लोग प्रपंच कर रहे हैं, लेकिन मोदी की गारंटी है एमपी विकास में टॉप पर आएगा। भाजपा की डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता वंचितों को वरीयता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को उनका हक देने का काम भी भाजपा ने किया है। पूरी दुनिया भारत का गुणगान कर रही है, वहीं वो राजनीतिक दल जिनका सब लुट गया है, उन्हें सिवाय कुर्सी के कुछ दिखता नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छता के मामले में मध्य प्रदेश को अव्वल मुकाम मिला है। इसी जज्बे को हमें आगे ले जाना है। हमें हर मामले में प्रदेश को नंबर एक पर रखना है। आज भारत का आत्मविश्वास नई बुलंदी पर है। आज भारत के हर युवा को लगता है कि ये समय भारत के युवा का समय है। भारत के युवा स्टार्टअप में कमाल कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के लिए ये महत्वपूर्ण समय है।

### कांग्रेस नेताओं को अपनी तिजोरियां भरने नहीं देंगे: मोदी

**जबलपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2014 से पहले आएदिन कांग्रेस सरकार के हजारों-करोड़ रुपये के घोटाले हेडलाइन बना करते थे। उन्होंने मप्र की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह न तो कांग्रेस को देश का खजाना लूटने देंगे और न ही कांग्रेस नेताओं की अपनी तिजोरियां भरने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को मध्य प्रदेश में 12,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यह परियोजनाएं सड़क, रेल, गैस पाइपलाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल आदि से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री ने गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर रानी दुर्गावती प्रतिमा और उद्यान परियोजना की आधारशिला भी रखी। विकास के लिए केवल एक परिवार की प्रशंसा करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक जो दल देश में सरकार में बैठा रहा, उसने सिर्फ एक ही काम किया, एक ही परिवार की चरण वंदना। देश को आजादी एक परिवार ने ही नहीं दिलाई थी, देश का विकास भी सिर्फ एक ही परिवार ने नहीं किया। कुछ राजनीतिक दलों को कुर्सी के अलावा कुछ नहीं दिखता। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश के सभी नेताओं और योद्धाओं का सम्मान करती है।

## आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर कसी नकेल, कम हुई आतंकी घटनाएं : अमित

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बीते 09 वर्षों में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है। मोदी सरकार ने देश में आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर मजबूती से नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। अमित शाह दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से आयोजित दो दिवसीय आतंकवाद निरोधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें एक कॉमन ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाने की दिशा में काम करना होगा। जिससे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की कार्यपद्धति में एकरूपता लाई जा सके। शाह ने 94 प्रतिशत से अधिक दोष सिद्धि दर हासिल करने के लिए एनआईए की प्रशंसा भी की।



### आईएनडीआईए परिवारवाद-भ्रष्टाचार-तुष्टिकरण पर आधारित : नड्डा

**पटना**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आईएनडीआईए गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि गठबंधन तीन आधार पर टिका है। पहला परिवारवाद, दूसरा भ्रष्टाचार और तीसरा तुष्टिकरण। वे गुरुवार को पटना के बापू सभागार में कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कुल 31 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए बिहार में एक ही परिवार के लालू, राबड़ी, तेजस्वी और मीसा भारती हैं।

## ईडी को संजय सिंह की पांच दिन के लिए कस्टडी मिली





**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में कथित शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के एक और बड़े नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद राजधानी का सियासी पारा हाई है। कोर्ट ने ईडी को सांसद संजय सिंह की पांच दिन की रिमांड दी है। इससे पहले संजय सिंह के पिता दिनेश सिंह ने कहा, फैसला अभी सुरक्षित है, अभी परिणाम आ जाएगा। मेरा अनुमान है कि रिमांड 1 हफ्ते की होगी।

ये लोग सारे झूठे केस लगा रहेः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, "ये लोग सारे झूठे केस लगा रहे हैं। इतने केस लगा लिए, इतनी जांच कर ली लेकिन कुछ निकलता तो है नहीं। इस जांच-जांच के खेल में सबका समय खराब होता है।"

संजय सिंह के वकील ने रखा अपना पक्षः संजय सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मोहित माथुर ने कहा, इस मामले में जांच जारी है और कभी खत्म नहीं होगी। दिनेश अरोड़ा, जो एक मुख्य गवाह है, उसे पहले एजेंसियों ने आरोपी बनाया था और बाद में वह मामले में सरकारी गवाह बन गया।

वहीं अदालत ने संजय सिंह की कस्टडी पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट आप सांसद संजय सिंह की रिमांड मांगते हुए कहा कि ईडी को डिजिटल सबूतों के साथ सिंह का आमना-सामना कराना है। साथ ही हमें डिजिटल डेटा निकालना होगा, इसके अलावा अन्य व्यक्तियों से पूछताछ करने की जरूरत है। कुल 239 जगहों पर तलाशी ली गई है, कल उनके घर पर भी तलाशी हुई थी। दिनेश अरोड़ा के कर्मचारी ने संजय सिंह के आवास पर 2 करोड़ रुपये नकद दिए, ईडी ने यह भी कहा कि एक करोड़ रुपये उन्होंने इंडोस्पिरिट्स से लिए।

## हिमाचल में आई आपदा पर मंथन के लिए नौ अक्टूबर को शिमला में जुटेंगे देश भर के विशेषज्ञ

**शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के बाद हो रहे विकास और आधारभूत ढांचे की भावी रूपरेखा सर्वाधिक चर्चा का विषय है। राज्य में संभावी आपदा के विभिन्न आयामों पर चर्चा और उससे उबरने के तरीकों पर मंथन के लिए नौ अक्टूबर को देश भर के विषय विशेषज्ञ शिमला के पीटरहॉफ में होने वाले एक सेमिनार में जुटेंगे और अपने-अपने सुझाव देंगे। इसका आयोजन एसडीएफ (स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट) द्वारा किया जाएगा और इसका विषय रहेगा ह्यडायनामिक्स ऑफ डिजास्टर इन हिमाचल प्रदेश लर्निंग फॉर रेजीलिएंस। सेमिनार के राज्य प्रभारी प्रोफेसर नितिन व्यास ने गुरूवार को बताया कि प्रदेश के लोगों को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर जागरूक करना और मानव और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए एक समेकित रूपरेखा प्रस्तुत करना इस सेमिनार का उद्देश्य है।

## इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना मिलेंगे दो और एक लाख

# सुक्खू सरकार ने बेटियों को दिया तोहफा

**शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने बेटियों को बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को मिलने वाले 35 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर दो लाख रुपए और दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन पर मिलने वाले 25 हजार रुपए की राशि को एक लाख रुपए कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरूवार को शिमला में आयोजित एक कार्यशाला में यह घोषणा की।



उन्होंने कहा कि एसआरएस डाटा 2018-20 के अनुसार हिमाचल प्रदेश में लिंगानुपात 950 है, जो देश में तीसरे स्थान पर है और प्रदेश को पहले स्थान पर आने का लक्ष्य को हासिल करना होगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में भ्रूण हत्या को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियां आज हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

शिक्षा से लेकर सेना तथा अन्य क्षेत्रों में लड़कियां आगे निकल गई हैं। उन्होंने कहा कि वेदों और पुराणों में भी महिलाओं को अधिक सम्मान और महत्व दिया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लड़कियों के प्रति समाज की मानसिकता बदल रही है, जिसमें 73वें और 74वें संविधान संशोधन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मप्र में 18 साल में 250 से ज्यादा घोटाले हुए: प्रियंका

**धार/भोपाल**

**कांग्रेस की** राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को एक दिवसीय मध्यप्रदेश के प्रवास पर धार जिले के राजगढ़ पहुंची हैं। यहां उन्होंने पार्टी की जनआक्रोश यात्रा की जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में पिछले 18 सालों में 250 से ज्यादा घोटाले हुए हैं। ये जांच एजेंसियों को सबके घर भेज देते हैं। अभिनेताओं को भी नहीं छोड़ा। यहां ईडी जांच के लिए अब तक क्यों नहीं पहुंची? प्रियंका ने कहा कि यहां लगातार भ्रष्टाचार हो रहे हैं। व्यापमं के घोटाले में 50 से ज्यादा मौत हुई किसी ने जांच नहीं कराई। ये लोग हर जगह ईडी भेज देते हैं। महाकाल लोक में मूर्तियों के साथ घोटाला हुआ, क्या कोई भगवान के साथ घोटाला कर सकता है। अगर आप सवाल नहीं पूछेंगे तो आपका भविष्य बुरा होगा। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोगों ने नेता को भगवान बना दिया है। वो भी आपकी तरह इंसान हैं। जब वो निरंकुश हो जाता है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि उसे सबक सिखाएं। आज आपके प्रदेश में महंगाई हैं, त्योहार आ रहे हैं, यहां लोगों की इस बात की चिंता होती है कि कैसे कोई सामान खरीदें। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज की गौरव गोंडवाना की रानी दुर्गावती की जयंती है, उन्हें मेरा नमन। अमका-झमका माता की कृपा से मैं यहां आई हूं, यहां श्वेतांबर जैन समाज का तीर्थ स्थान मोहनखेड़ा है।



यहीं पर टंट्या मामा ने हमारी आजादी के लिए अपना बलिदान दिया। जनसभा से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोहनखेड़ा तीर्थस्थल पहुंचकर पूजा और राजगढ़ में टंट्या मामा की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में लोग कैसे पहचानते हैं कि कौन झूठ बोल रहा है। मैंने यहां कुछ युवाओं से मध्य प्रदेश का हाल पूछा तो उन्होंने कि राजा जा रहा है। हम इस बार रोजगार के लिए वोट देंगे।

## राजस्थानः कार्यरत 10528 संविदा कार्मिक होंगे नियमित

**जयपुर**

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विभिन्न वर्गों के लिए कई संवेदनशील निर्णय लिए हैं। इसी क्रम में गहलोत ने राज्य में राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत 10 हजार 528 कार्मिकों को नियमित करने के लिए नए पदों के सृजन की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यरत 9 वर्ष या इससे अधिक का कायार्नुभव रखने वाले संविदा कार्मिकों के लिए संविदा पदों के स्थान पर 4 हजार 966 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। यह पद ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे।

नवसृजित पदों में कनिष्ठ तकनीकी सहायक के 1 हजार 698, ग्राम रोजगार सहायक के 1 हजार 548, डाटा एंट्री सहायक के 699, लेखा सहायक के 622, एम.आई.एस. मैनेजर के 159, सहायक के 150, समन्वयक (अभिसरण एवं मूल्यांकन) के 48, स ा म ा न व य क (आई.ई.सी.,प्रशिक्षण,पर्यवेक्षण) के 40 तथा प्रोग्रामिंग एवं एनालिसिस विशेषज्ञ व प्रोग्रामिंग विशेषज्ञ का 1-1 पद शामिल हैं।

मदरसा बोर्ड में संविदा पर कार्यरत 5562 कार्मिक होंगे नियमितः इसी प्रकार गहलोत ने राजस्थान मदरसा बोर्ड में भी 9 वर्षों से अधिक का कायार्नुभव रखने वाले कार्मिकों को नियमित करने हेतु संविदा पदों के स्थान पर 5 हजार 562 पदों के सृजन का फैसला किया है।

नवसृजित पदों में शिक्षा अनुदेशक के 5 हजार 220, कम्प्यूटर अनुदेशक के 215, कम्प्यूटर शिक्षा सहयोगी के 88 एवं शिक्षा सहयोगी के 39 पद शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को तमंचे के बट से मारकर तोड़ा हाथ

**मऊआइमा।** मऊआइमा में ई रिक्शा चालक को मामूली बात पर कतिपय दबंगों ने तमंचा के बट से मार मार कर हाथ तोड डाले। भुक्तभोगी ने थाने मव तहरीर दे कर एक नामजद दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बडीमदारी गांव निवासी अजीत सिंह पुत्र बसन्त बहादुर सिंह के मुताबिक वह ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का जीवनयापन करता है। अजीत सिंह का आरोप है कि वह ई रिक्शा पर हरखपुर के लिए सवारी बैठा कर जा रहा था। आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे कतिपय दबंगों ने घेर कर तमंचों के बटों से मार मार कर बायां हाथ तोड दिए। जख्मी अजीत सिंह ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर दीपक यादव पुत्र भुनेश्वर और दो अन्य नाम अज्ञात निवासी हरखपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# 9 अक्टूबर को अपने हक के लिए शिक्षक लखनऊ की सड़कों पर देंगे धरना : मनीष तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**शिक्षक संघर्ष समिति का गठन, वीके अध्यक्ष व पुष्पराज बने मंत्री**




**मेजा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लॉक मेजा की एक बैठक अध्यक्ष/जिलाकोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ मनीष तिवारी के नेतृत्व में संविलियन विद्यालय उसकी में हुई। बैठक का मुख्य एजेण्डा 09 अक्टूबर को शिक्षा निदेशालय निशातगंज लखनऊ में धरना का रहा । धरने में अधिक से अधिक शिक्षको का प्रतिभाग हो इसके लिए एक संघर्ष समिति का भी गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से बी0के0मिश्र को संघर्ष समिति का अध्यक्ष व पुष्पराज सिंह को मंत्री निर्वाचित किया गया। सघर्ष समिति का उपाध्यक्ष जगदीश मिश्र ,अखिलेश चौधरी,हरिश्चन्द्र यादव ,विनय तिवारी को निर्वाचित किया गया। संघर्ष समिति की मजबूती और बेहतर क्रियान्वयन के दृष्टिगत चार संयुक्त मंत्री क्रमशः इलियास अली,संतोष शांडिल्य,शैलेन्द्र मौर्य,संदीप गुप्ता और मिडिया प्रभारी के रूप में बैकुंठ गिरी का नाम प्रस्तावित किया गया।संघर्ष समिति के सदस्यों का माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। उपस्थित शिक्षको को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि हम आंदोलनों को सफल तभी बना सकते हैं जब हम एकजुट होकर धरने में बड़ी से बड़ी संख्या में पहुँचे उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, द्वितीय शनिवार अवकाश,प्रतिकर अवकाश, अन्य अवकाश,राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेश चिकित्सा सुविधा, पदोन्नति, 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षको को प्रोन्नति वेतनमान ऑनलाइन गैर शैक्षणिक कार्यो आदि 21 मांगो को लेकर प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के निर्देश पर मुख्यमंत्री जी को जिले पर धरने के माध्यम से ज्ञापन दिया गया,लेकिन सरकार अधिकारियों की उदासीनता के कारण कोई सकारात्मक निर्णय नही ले पाई जिससे शिक्षक लखनऊ की सड़को पर अपने हक के लिए धरना देने के लिए मजबूर है। इसी क्रम में सघर्ष समिति के अध्यक्ष बी0 के0 मिश्र ने बताया कि यहां से बस द्वारा धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग किया जायेगा। बैठक में अधिक संख्या में धरने में शामिल होने की अपील की गई। बैठक में मंत्री हसीब सिद्दीकी, कृष्ण गोविंद श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, कैलाश नाथ सिंह, प्रभाकर गौतम शैलेश,राहुल उपाध्याय राजेश राज, धर्मचंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# करछना ब्लॉक के 169 आवास लाभार्थी 15 दिन से बैंको की कर रहे हैं गणेश परिक्रमा

**ब्लाक कर्मियों की बदौलत लाभार्थियों के खाते में अब तक नहीं पहुंच पाई धनराशि**

**करछना।** विकास खंड करछना के 169 चयनित आवास के लाभान्वित गरीब ब्लाक कर्मियों की बदौलत 15 दिन से बैंको का गणेश परिक्रमा करने को मजबूर हो रहे हैं, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आदिवासी, मुसहर, विकलांग व दैवी आपदा के पात्र व्यक्तियों को चयनित किया गया है। जिसमे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री व ग्राम विकाश मंत्री केशव प्रसाद द्वारा 19 सितम्बर को चयनित लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाणपत्र देकर बटन दबाकर लाभार्थियों के खाते में पैसा डाला गया था। साथ ही समूचे प्रदेश के ब्लाकों में विभागीय अधिकारियों द्वारा दो तीन दिन में पैसा खाते में पहुँचने को कहा गया था।जिसके पंद्रह दिन बीत जाने के बाद अभी तक लाभार्थियों के खाते में पैसा न पहुँचने से बैंक पहुँचकर खाता चेक करने के साथ ब्लाक का चक्कर काटने को मजबूर है।जिसे लेकर खण्ड विकाश अधिकारी करछना धीरेश कुमार गुप्ता से बात करने पर बताया कि एक बार पेमेंट लगाया गया था।जो फेल हो गया।दोबारा जल्द ही लगाया जायेगा।

# परचून कारोबारी को गोली मारने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**अखंड भारत संदेश**

**मंगलवार को देर रात सिगरेट न देने पर शिक्षा विभाग के चपरासी ने मारी थी गोली**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में परचून कारोबारी को सिगरेट न मिलने पर शिक्षा विभाग के चपरासी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मार कर जख्मी कर दिया था। जिसे ग्रामीणों ने पकड कर मय बंदूक, कार सहित पुलिस के हवाले कर दिया था। तथा घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी मकबूल अहमद पुत्र स्वर्गीय रमजान अली गांव में छोटी सी परचून की दुकान रखे और उससे अपने परिवार का जीविका चलाता है।बताया गया है कि मंगलवार को देर रात गांव के अंकुश पटेल सिगरेट लेने आया।जिसे मकबूल ने दुकान खोल कर दे दिया। बताते हैं कि थोडी देर में अंकुश पटेल फिर मकबूल को जगा कर सिगरेट मांगा।आरोप है कि न देने पर गालियां देते हुए घर जा कर अंकुश पटेल अपनी लाइसेंसी बंदूक और कार लेकर आया और मकबूल पर गोली चलाने की कोशिश तो मकबूल बंदूक की नाल को जोर से पकड कर जमीन की ओर झुका दिए। बताते हैं कि गोली के छर्रे मकबूल के पैर और हथेली में लगी। जब तक ग्रामीण आ गए तथा अंकुश कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय चन्द्र शेखर को पकड लिए। पुलिस के पहुंचने पर बंदूक, कार, कारतूस आदि पुलिस को सौंप दिया गया । बताते हैं कि अंकुश कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय चन्द्र शेखर पूर्व माध्यमिक विधालय हरिसेनगंज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। जख्मी मकबूल ने मुकदमा दर्ज करा दिया।मकबूल का इस समय उपचार चल रहा है। मऊआइमा पुलिस ने चतुर्थ श्रेणी कर्मी कातिलाना हमला की कोशिश करने वाले अंकुश कुमार पटेल को जेल भेज दिया।

### विभाव नाथ भारती पर प्राण घातक हमले को लेकर लालापुर में हुई बैठक

**लालापुर।** क्षेत्र के ग्राम प्रधान भटपुरा शंकर लाल पांडे के आवाहन पर एक बैठक करके भाजपा नेता विभव नाथ भारती के ऊपर हुए प्राण घातक हमले की घोर निंदा की गई एवं प्रशासन से मांग किया गया कि जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करके धर्मांतरण पर रोक लगाया जाए एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाए जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत्त ना हो मुख्य रूप से सभा का नेतृत्व जिला प्रतिनिधि शंकर लाल पांडे , मंडल उपाध्यक्ष होरीलाल लाल केशरवानी ,मंडल महामंत्री शैलेंद्र पांडे ,मंडल उपाध्यक्ष नंदलाल पाल,एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी सम्मानित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के समस्त सम्मानित प्रबुद्धजन मौजूद रहे और एक स्वर में प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग किया गया।

# फूलपुर ब्लाक में गाजे बाजे के साथ लाया गया कलश

**विकास खण्ड परिसर में देशभक्ति नारों की रही गूंज**



**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गांवों में घर- घर जाकर एकत्रित की गई मिट्टी से तैयार कलश गुरुवार को फूलपुर ब्लाक में गाजे बाजे के साथ लाया गया। बीडीओ फूलपुर की उपस्थिति में ग्राम प्रधान व सचिवों ने मिट्टी से तैयार अमृत कलश को देश भक्ति नारों के साथ ब्लाक में जमा कराया। बाबूगंज,चक मोहम्मद उर्फ पूरेसूदी, वीरकाजी, कुसेहटा, चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई, हेमापुर, उदईपुर, परासिनपुर सहित अन्य गांवों से तिरंगे के रंग में रंगे पुष्प युक्त अमृत कलश को ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा बीडीओ को दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी एच पी वर्मा ने बताया की विकास खण्ड के 67 ग्राम पंचायतों से अमृत कलश ब्लाक में लाया जाएगा जिसकी मिट्टी को एकत्रित कर जनपद मुख्यालय भेजा जाएगा। सहायक विकास अधिकारी गुलाब चन्द पाण्डेय ने बताया की मिट्टी का नमन और वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान का प्रमुख घटक हैं। देश की माटी से भारत की राजधानी में अमृत वाटिका बनाई जाएगी जो एक भारत श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगी। मौके पर एडीओ समाज कल्याण अखिलेश यादव, एडीओ कोआपरेटिव शिव शंकर, सचिव शशि यादव, रेनू गौतम, धीरेन्द्र कुशवाहा, अनिल मौर्य, रामबाबू सरोज, ग्राम प्रधान अमित यादव, शीला पटेल,कमला देवी, पुष्पा यादव,विजय चन्द्र विश्वकर्मा, हरिओम प्रकाश, अजय गुप्ता, प्रवीण सिंह, नूरूद्दीन हाशमी, पिंटू, तकनीकी सहायक काशी नाथ, नन्दगोपाल, मानिक सिंह, बृजेश यादव, धरमूराम, सहित दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मचारी, रोजगार सेवक व ब्लाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेरी माटी मेरा देश शहीदों के घर की मिट्टी के तहत कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड परिसर में मेरी माटी मेरा देश चांदी का कलश शहीदों के घर की मिट्टी को जमा करने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मऊआइमा विकास खंड परिसर में मेरी माटी मेरा देश चांदी की कलश शहीदों के घरों की मिट्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी निर्मला पासवान ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी,बीडीओ उमेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि ,श्यामसुंदर दुबे, मंडल अध्यक्ष रामसुंदर मिश्र,बीडीसी शिव बाबू मोदनवाल, महेश माली,युवराज सिंह, संजय यादव, दिलीप पासी, लालचन्द, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाहरी एवं आंतरिक स्वच्छता रखें जिससे मन मस्तिष्क, जीवन स्वस्थ्य रहे : प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में निर्देशित निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता शीर्षक ₹स्वच्छता जागरूकता अभियान₹ के तहत गुरुवार को मनाया गया। प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने कहा कि गांधीजी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था वे चाहते थे कि देश के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें, स्वच्छता अभियान एक कार्यक्रम तक सीमित न रहकर अपने दिन प्रति दिन के व्यवहार में स्वच्छता रखें बाहरी एवं आंतरिक स्वच्छता रखना चाहिए जिससे मन मस्तिष्क जीवन स्वस्थ्य रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर ज्ञान प्रकाश द्विवेदी वरिष्ठ सहायक आचार्य हिंदी ने उपस्थित छात्र, छात्राओं को बताया कि महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया अतः हम सबका कर्तव्य है की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उपस्थित छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे। हर वर्ष सौ घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे ना गंदगी करेंगे और न किसी को करने देंगे।पहले स्वयं से अपने, परिवार, मोहल्ले, गांव कार्य स्थल से शुरूआत करें।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इसे संपन्न कराने में शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ गंगेश दीक्षित, प्राचीन इतिहास विभाग के सुरेंद्र यादव तथा हिंदी विभाग कुलदीप कुमार सोनी, विकास यादव एवं सुनील कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें इसी मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। निर्णायक मंडल में डॉक्टर गंगेश दीक्षित, सुरेंद्र यादव, दुर्गेश कुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोनाली तिवारी एमए नौवें सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर मीना यादव एमए नौवें सेमेस्टर, तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से अनुज कुमार दुबे एमए सातवें सेमेस्टर एवं नेहा सिंह बीए प्रथम सेमेस्टर रही। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्वेता गुप्ता एवं दीक्षा गुप्ता बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर निशी मोदनवाल बीए तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान पर आरती शर्मा बीए प्रथम सेमेस्टर रही, समस्त विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षक संघ की हुई बैठक

**सहसों।** प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई फूलपुर की गुरुवार को बीआरसी फूलपुर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के अध्यक्ष दिनेश मौर्य, मंत्री मंजुल मयंक मिश्रा, उपाध्यक्ष अलका भारती एवं मुनिश्वरम गुप्ता, संयुक्त मंत्री राजबहादुर प्रजापत सूरज कुमार बंधू कुमार तथा मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिनेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदेश सरकार के विरोध में एवं 21 सूत्रीय अन्य मांगों को लेकर 9 अक्टूबर को लखनऊ में धरने का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी शिक्षक साथियों से लखनऊ चलने की अपील की गई। बैठक में प्रमुख रूप से अतुल कुमार, मोहम्मद मुस्ताक, मनोज कुमार, कमलेश तिवारी, अवध राज, अवधेश तिवारी, नीरज सिंह, अवधेश कुमार, आभारानी गुप्ता, शिखा पांडे, विभा सिंह, अमृतलाल पाल, मनीष, अमित कुमार एवं कृष्ण बाबू गुप्ता सहित आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की नोडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**




**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की नोडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा की प्रधानाचार्या मंजुलेश विश्वकर्मा के द्वारा मां शारदे को पुष्पांजलि से हुआ। स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझनाह्व थीम पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० योगेन्द्र सिंह ने कहा कि आने वाला समय विज्ञान का समय होगा। ये बाल वैज्ञानिक ही हमारे देश के बड़े वैज्ञानिक बनेंगे। आयोजित कार्यक्रम में सीनियर वर्ग में 6 विद्यालय तथा जूनियर वर्ग के दो विद्यालय के बाल वैज्ञानिको ने अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग में मेजबान विद्यालय श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के चिराग द्विवेदी की टीम को प्रथम स्थान तथा सुधांशु की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जब कि लालचंद्र इंटर कॉलेज जसरा के आयुष की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा की रागिनी मिश्रा, सुतांशु यादव श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज की टीम को संयुक्त रूप से प्रथम, सेजल केशरवानी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा की टीम को द्वितीय और तन्वी केशरवानी की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



## श्रमिकों की समस्याओं को लेकर डीएलसी से मिले श्रमिक लीडर, विभिन्न मुद्दों पर हुई वार्ता की गई वार्ता

**कोरांव।** उप श्रमायुक्त प्रयागराज मंडल राजेश मिश्रा से पूर्व नियोजित समय के अनुसार बृहस्पतिवार को एक बजे दिन हिंद मजदूर सभा के प्रतिनिधियों ने वार्ता की। श्रमिक प्रतिनिधियों ने हिंद मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तरीय श्रम संगठन के लीडर तथा पूर्व वरिष्ठ बी ओ सी डब्लू के सदस्य भोला नाथ त्रिपाठी ने श्रमिक संगठनों के साथ मिल कर वार्ता की और ज्ञापन दिया। ज्ञापन में विभिन्न निर्माण कार्य दाई सस्थाओं,प्रतिष्ठानों, और कोंट्रेक्टरों द्वारा श्रमिकों की अंदेखी किए जाने विभिन्न पंजीकृत श्रमिकों और निर्माण श्रमिकों के योजनाओं के आवेदन पर संबंधित अफसरों द्वारा मनमानी किए जाने और दी गई शिकायतों पर कार्यवाही न किए जाने इत्यादि मुद्दों पर वार्ता हुई। डीएलसी प्रयागराज क्षेत्र श्री मिश्र ने ज्ञापन पर तथा प्रस्तुत शिकायतों के समुचित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही का आश्वाशन दिया। ज्ञापन देने वालों में श्री त्रिपाठी के अलावा श्यामजी श्रीवास्तव,यादव जी, डुवेदी जी,अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे आदि हिंद मजदूर सभा के पुरुष तथा महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### करछना ब्लाक के 13 गांवो में हुए विकास कार्यो की होगी स्थलीय जांच


**प्रधानों की धड़कने हुई तेज**

**करछना।** विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद द्वारा पत्र लिखकर जिलाधिकारी व मुख्य विकाश अधिकारी प्रयागराज से विकाश खण्ड करछना के 13 गांवो में ग्राम प्रधानों द्वारा कराये गये राजवित्त,चौदहवाँ वित्त, मनरेगा, आवास, शौचालय आदि विकाश कार्यो की स्थलीय जांच व सत्यापन कराने की मांग की है। जिसमे नौवा, डाडों, हथसरा, गन्धियाव, हिंदुपुर, कबरा, मछहर, बस्तर, भरहा, धरवारा, महोरी, नरैना, अंतहिया गांव है। वहीं कार्यालय जिला विकाश अधिकारी प्रयागराज से पत्र जारी होते ही उन सभी ग्राम प्रधानों की धड़कने बढ़ सी गयी है। जहां जहां स्थलीय जांच होनी है।

# बेखौफ कालाबाजारी कर रहे कोरांव के उचित दर विक्रेता

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** आपूर्ति विभाग कोरांव का कार्यालय इस समय पूरी तरह से भ्रष्टाचार के मकड़जाल से जकड़ा हुआ है। कार्ड धारक शिकायत करते थक हार रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अफसरो के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही हैं। कोटेदारों की घटतौली एवं सरकारी खाद्यान्न बेंच लेने की भी शिकायतें की जाती है लेकिन जिम्मेदार बेपरवाह बने रहते हैं। ताजा मामला कोरांव तहसील क्षेत्र के मड़फा कला गांव का है। जहां कोटेदार के द्वारा सरकारी राशन व्यापारी के हाथ बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिम्मेदार अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। लंबे समय से जमे आपूर्ति निरीक्षक कोटेदारों से अच्छी पैठ बना रखे हैं। प्रत्येक महीने दलालों के माध्यम से कोटेदारों से अवैध वसूली भी कराई जाती है। अगर कोई कोटेदार अवैध वसूली की शिकायत करता है तो उस पर विभागीय शिकंजा कस दिया जाता है। इतना ही नहीं दुकान निलंबित कर देने की भी धमकियां दी जाती हैं। ऐसे में मनमाने विभागीय अधिकारी के रवैये से कोटेदारों में भी रोष देखा जा रहा है। सरकारी खाद्यान्न बेचने की एसडीएम से हुई शिकायत



मड़फा कला की सरकारी दुकान पर खाद्यान्न खरीदता व्यापारी का दृश्य

**घटतौली को लेकर शिकायत पर भी अफसर नहीं करते कार्रवाई, मड़फा कला में सरकारी राशन बेचने का सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है वीडियो**

**तीन वर्ष से जमे आपूर्ति निरीक्षक के स्थानांतरण की मांग**

क्षेत्रीय चचाओं पर गौर करें तो आपूर्ति निरीक्षक लगभग तीन वर्ष से कोरांव तहसील में ही तैनात हैं। जिससे इनकी क्षेत्र में अच्छी पैठ बन गई है। अगर किसी कोटेदार के द्वारा इनकी शिकायत की जाती है तो उसकी दुकान निरस्त कर देने आदि की बात कही जाती है। जब ग्रामीण कोटेदारों के मनमानी की शिकायत करते हैं तो मामले में इनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तीन वर्ष से जमे आपूर्ति निरीक्षक के स्थानांतरण की मांग की है।

क्षेत्र के मड़फा कला गांव के कोटेदार द्वारा सरकारी खाद्यान्न बेचने की शिकायत गांव के ही बंधु लाल व मटुक धारी ने उप जिलाधिकारी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञातव्य हो कि कोटेदार बबुलेश कुमार पंचायत भवन को अपना गोदाम बना रखा है। तीन अक्टूबर को पंचायत भवन में रखे गए सरकारी अनाज को व्यापारी से खाद्यान्न बेचने का वीडियो गांव के लोगों ने बना लिया और तत्काल 112 डायल कर पुलिस को भी सूचना दी। लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। दूसरे दिन ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कोटेदार के विरुद्ध जांच करवाई की मांग की है। इसी प्रकार अल्हवा कोटेदार की दुकान करीब साल भर से गंभीर आरोप में तीन बार निलंबित हुई,जेल गया था,कोर्ट में केस चल रहा है। सेटिंग सिस्टम से दुकान बहाल करा लिया और बहाल होते ही घट तौली का काम शुरू कर दिया। शिकायतोप्रांत कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। कार्ड धारकों ने बताया कि हर कार्ड धारकों को खाद्यान्न दो किलो ग्राम तक कम दिया जा रहा है। और जिस आरोप में दुकान निलंबित हुई थी उक्त समय का खाद्यान्न भी नहीं दिया जा रहा है। आपूर्ति विभाग मूक दर्शक है।

# लोक निर्माण विभाग मंत्री ने की पीडब्लूडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश




**सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश श्री जितिन प्रसाद जी ने गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। मंत्री जी ने जनपद में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जो भी कार्य कराये जा रहे है, उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य को सयमबद्ध रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दृष्टिगत जो भी कार्य कराये जा रहे है, उसमें कहीं भी शिकायत नहीं आनी चाहिए, नहीं तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को पूरे मनोयोग के साथ कार्य करने के लिए कहा है। कहा कि कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी कार्य के लिए जो भी पैसा स्वीकृत हुआ है, वह लैप्स न होने पाये।मंत्री जी ने बरसात के कारण जनपद में खराब हुई सड़कों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को डीपीआर बनाकर, मरम्मत कराये जाने वाले सड़को की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा है। कहा कि अभी सड़कों पर पैच का जो कार्य कराया जा रहा है, उसे गुणवत्ता के साथ पूरा करायें। यदि पैच कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मा0 मंत्री जी ने 40 लाख रू0 से नीचे व 40 लाख रू0 से ऊपर की सड़कों के मरम्मत कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़कों की सूची बनाकर उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। मा0 मंत्री जी ने स्वीकृत सड़कों के निर्माण के सम्बंध में अभी तक अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सड़को के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सेमरा वीरभानपुर फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र की सड़क की स्थिति ठीक न पाये जाने पर सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। मंत्री जी ने सांसद, विधायकगण एवं विधान परिषद सदस्य से उनके क्षेत्रों की सड़कों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पीडब्लूडी के मुख्य अभियंता व अन्य अभियंताओं से जो भी सड़को का मरम्मत एवं निर्माण कार्य हो रहा है, उसकी सूची विधानसभावार उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। इसी क्रम में मंत्री जी ने सेतु निगम के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा करते हुए चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं गंगापार अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, पीडब्लूडी व सेतु निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**फूलपुर।** शहर में सैलून पर काम करके वापस आ रहे युवक को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत कनौजा खुर्द निवासी अरसद हुसैन 32 पुत्र अकबर अली शहर के एक सैलून में काम करता था। रोज की तरह वह बुधवार की रात घर वापस आ रहा था तभी रहिमापुर तिराहे के पास ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उसे एक चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची झूंसी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की सूचना पर मृतक के घर कोहराम मच गया। मृतक अरसद की एक ग्यारह वर्षीय बेटी तथा दो साल का एक बेटा है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## मण्डलायुक्त से मिला मिशन का प्रतिनिधिमंडल जमुनापार के विकास की लगाई गुहार



**करछना।** गुरुवार को जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय की अगुवाई में प्रयागराज के मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत से मुलाकात कर प्रतिनिधि ने जमुनापार के विकास की गुहार लगाई। इस दौरान डॉ.पांडेय ने कहा कि यमुनापार के घूरपुर क्षेत्र में यमुना नदी स्थित अति पौराणिक सुजावन देव मंदिर का अस्तित्व धीरे-धीरे क्षीण होने की कगार पर है। इसके सुंदरीकरण और संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है।जिसे लेकर वर्षों पहले आवाज उठाई गई है और पुरातत्व विभाग द्वारा कोई आपत्ति न करने के बाद जीर्णोद्धार का रास्ता साफ हो गया है।मंदिर की सुरक्षा को लेकर यदि यमुना नदी के किनारे रिवर फ्रण्ट बनाकर सुजावन देव मन्दिर को जोड़ दिया जाए तो स्थानीय विकास के साथ-साथ पर्यटकों को भी पहुंचने का मार्ग सुगम होगा।मिशन के लोगों ने यमुनापार में कई जगहों पर हो रहे खनन का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री खनिज संपदा कोष से जिन स्थानों पर खनन का कार्य किया जा रहा है ऐसे महेवा कंजासा,बंसवार,सुलमई आदि गांवों की टूटी सड़कों की मरम्मत करना उचित रहेगा।इस दौरान आगामी महाकुंभ के पूर्व पंचक्रोशी परिक्रमा स्थित यमुनापार के कई पौराणिक स्थलों का अलंकरण कराने पर भी जोर दिया,जिससे आगामी माघ मेले और कुंभ स्नान के लिए आने वाले विदेशी यात्रियों और पर्यटकों के लिए यह आस्थालय भी आकर्षण का केंद्र बन सकें और स्थानीय लोगों की आय में भी बढ़ोतरी हो सके।मिशन द्वारा मण्डलायुक्त को प्रयाग दर्शन भेंट करते हुए उनका अभिनन्दन किया गया। उन्होंने जरूरी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही प्रक्रिया शुरू किये जाने का आस्वासन दिया।इस मौके पर प्रतिनिधि मण्डल में दिनेश तिवारी और राकेश पाण्डेय मौजूद रहे।

## चौड़ीकरण की जद में आए मकानो पर पीडीए का चलेगा बुल्डोजर



**झूंसी।** सड़क चौड़ीकरण की जद में आए मकानों, दुकानों पर अब पीडीए बुल्डोजर चलाने की तैयारी में है। पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने मातहतों के साथ शुक्रवार को झूंसी में चौड़ी होने वाली सड़को का निरीक्षण कर लोगो को खुद से अपने अपने अतिकरण हटाने का निर्देश दिया। माह कुम्भ के लिए झूंसी पुलिया के पास से पुरानी जीटी रोड तक, कटका से गंगा घाट तक पुरानी जीटी रोड व वाराणसी प्रयागराज मार्ग से छतनाग घाट तक सड़को का चौड़ीकरण होना है। जिसके लिए विभाग ने झूंसी में 850 लोगो को नोटिस भेज चौड़ीकरण की जद में आये निमार्णों पर लाल निशान भी लगा दिया लेकिन अभी तक लोग अतिक्रमण नही हटा रहे। शुक्रवार को पीडीए के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान ने सड़को का निरीक्षण किया और मातहतों को चौड़ीकरण की जद में आये मकान, दुकान पर बुल्डोजर चलाने का निर्देश दिया। जानकारी देते हुए जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार से जो खुद से अतिक्रमण नही हटाएगा उसके मकान दुकान को जेसीबी लगा कर पीडीए द्वारा तोड़ा जाएगा।

# एयर शो : प्रयागराज में पहली बार उड़ान भरेगा तेजस

अखंड भारत संदेश

**तिरंगा फहराकर एयर-शो की शुरूआत करेगा चेतक**
**नेवी-आर्मी के जंगी जहाज भी होंगे शामिल**



**प्रयागराज।** भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर 8 अक्टूबर को संगम नगरी प्रयागराज में होने वाला एयर शो कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाला है। इसमें स्वदेशी 2 सीटर एयरक्राफ्ट LAC तेजस, जिसे HAL ने 4 अक्टूबर को वायुसेना को हैंडओवर किया है, वह भी उड़ान भरेगा। संगम में यह उसकी पहली उड़ान होगी। वहीं, मिग-21 इक्रडठ अपनी ऐतिहासिक विरासत छोड़कर आखिरी उड़ान भरेगा। हवा में दो विमान उसे आसमान में ही आखिरी सलामी देंगे। शाम को जब सूरज ढल रहा होगा, तो मिग-21 इक्रडठ आसमान में हमेशा-हमेशा के लिए ओझल हो जाएगा।8 अक्टूबर को अठ-32 विमान से वायुसेना के 5 जांबाज जवान पैरा जंपिंग करेंगे। ये जवान 1000 फीट से पैराशूट की मदद से हवाई जहाज से नीचे कूदेंगे। संगम क्षेत्र में ही सुरक्षित लैंड करेंगे। एयर शो की शुरूआत चेतक हेलिकॉप्टर करेगा। सबसे पहले चेतक तिरंगा लेकर आसमान में उड़ान भरेगा। इसके बाद एक-एक करके 120 विमान 10 एयरबेस से उड़ान भरेंगे। ये विमान सभी दिशाओं से संगम क्षेत्र में अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को अचंभित करने वाले है । इस एयर शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी एयरफोर्स ऑफिसर्स की देशभर से आई टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। संगम क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, संगम क्षेत्र को पूरी तरह से खाली कर दिया गया है। संगम में हनुमान मंदिर के सामने जो भी अस्थाई दुकानें लगी थी। उन सबको प्रशासन ने हटवा दिया है। संगम नोज पर भी किसी भी तरह की दुकान को 8 अक्टूबर तक लगाने की अनुमति नहीं दी गई है। किले के आस-पास जो उबड़ खाबड़ जमीन थी। प्रशासन ने उसको जेसीबी और पोकलैंड मशीन लगाकर समतल करवा दिया है। संगम क्षेत्र को साफ सुथरा रखने के लिए भी अलग से सफाईकर्मी लगाए गए हैं।

## एयर शो पर रूट डायवर्जन : आज और 8 अक्तूबर को बमरौली से धूमनगंज के बीच वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** 8 अक्तूबर को एयरफोर्स की ओर से एयर शो का आयोजन होने जा रहा है। इसके पहले 6 अक्तूबर को फुल रिहर्सल होगा। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान लागू किया है। कल 6 अक्तूबर को सुबह 5 से दोपहर 12 बजे तक बमरौली से धूमनगंज तक के बीच सभी प्रकार के वाहनों का आवगमन प्रतिबंधित रहेगा।शहर से धूमनगंज जोन वाले लोग राजरूपपुर, झलवा चौराहा रोड का प्रयोग कर सकेंगे। इसी तरह बमरौली की तरफ से शहर की तरफ आने के लिए पुरामुफ्ती मंदर मोड़ से एयरपोर्ट रोड झलवा, राजरूपपुर, कर्बला तिराहे से महिला ग्राम होते हुए शहर में आ सकेंगे।

### आज बड़े वाहनों का शहर में नहीं रहेगी एंट्री

कानपुर-प्रयागराज मार्ग से आने वाले बड़े वाहन कोखराज से डायवर्जन किया जाएगा। कोखराज से प्रयागराज शहर की तरफ कोई बड़े वाहन प्रवेश नहीं करेंगे। कौशांबी की तरफ से भगवतपुर मोड़ से लाहुल पार्क बमरौली की ओर से कोई बड़ा वाहन नहीं आएगा तथा कर्बला तिराहा व हैप्पी होम से भी कोई बड़े वाहन नहीं प्रवेश करेंगे।मुंडेरा मंडी गेट तथा ट्रांसपोर्टनगर से किसी वाहन को निकास की अनुमति सुबह 05 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक नहीं दी जाएगी लेप्रोसी मिशन चौराहे से शहर की तरफ 1 बजे से राज 8 बजे तक ई रिक्शा टैंपो, प्राइवेट, सिटी व रोडवेज बसों का संचालन नहीं होगा।वाराणसी एवं जौनपुर मार्ग से आने वाले वाहन अंदावा चौराहे से सहसों से थरवई मार्ग से फाफामऊ बाजार होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। दोपहर 01 बजे से रात 08 बजे तक अंदावा की तरफ से शहर की तरफ आने वाले किसी प्रकार के बड़े वाहन एवं प्राइवेट, सिटी व रोडवेज बसों का संचालन नहीं होगा। अंदावा की तरफ से रोके गए वाहनों को सहसों से थरवई 40 नंबर गुमटी फाफमऊ होते हुए शहर तक आने दिया जाएगा।

**वीआईपी मार्ग पर नहीं चलेंगी गाड़ियां :** एयरफोर्स स्टेशन बमरौली से हैप्पी होम, पोंगहट पुलिया, ट्रांसपोर्ट नगर, प्रीतम नगर, महिला ग्राम, सप्लाई डिपो, हाईकोर्ट फ्लाईओवर, एकलव्य चौराहा, गवर्नमेंट प्रेस, सब्जीमंडी चौराहा, पीएचक्यू चौराहा, हीरा हलवाई, लोक सेवा आयोग, इंडियन प्रेस, बालसन, संगम पेट्रोल पंप, जीटी जवाहर, लाल सड़क चौराहा, फोर्ड रोड चौराहा, त्रिवेणी मार्ग हुए पाकड़ तिराहा, त्रिवेणी रैंप, लेटे हनुमानजी, अक्षयवट मार्ग पर दोपहर एक बजे से रात 08 बजे तक ई रिक्शा, टेंपो, प्राइवेट, सिटी व रोडवेज बस समेत सभी प्रकार के वाहनों के संचालन पर रोक होगा। यह 06 अक्तूबर के लिए लागू रहेगा।

# हाईकोर्ट ने कहा : सात फेरे पूरे होने के बाद ही विवाह वैध, हिंदू विवाह में सप्तपदी की रस्म अनिवार्य तत्व

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि हिंदू विवाह में वैधता स्थापित करने के लिए सप्तपदी (सात वचनों के सात फेरे) अनिवार्य तत्व हैं। सभी रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए विवाह समारोह को ही कानून की नजर में वैध विवाह माना जा सकता है। यदि ऐसा नहीं है तो विवाह शून्य है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की अदालत ने याची स्मृति सिंह उर्फ मौसमी सिंह के विरुद्ध निचली अदालत द्वारा जारी सम्मन को रद्द करते हुए की। याची के विरुद्ध उसके पति और ससुराल वालों ने बिना तलाक लिए दूसरा विवाह करने का आरोप लगाया था। वाराणसी जिला अदालत ने परिवाद का संज्ञान लेते हुए याची के विरुद्ध सम्मन जारी कर अदालत में पेश होने का आदेश दिया था। याची ने सम्मन और परिवाद को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याची का कहना था कि उसका विवाह पांच जून 2017 को सत्यम सिंह के साथ हुआ था। कुछ समय बाद दोनों में आपसी मतभेद पैदा हो गए। इस कारण याची ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस पति व ससुराल वालों के खिलाफ विचारण न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

**दूसरी शादी का आरोप निकला झूठा :** याची ने दलील दी कि पति द्वारा दाखिल परिवाद में विवाह समारोह संपन्न होने का कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है। न हीं सप्तपदी का कोई साक्ष्य है, जो हिंदू विवाह की अनिवार्य रस्म है। एकमात्र साक्ष्य के तौर पर फोटोग्राफ लगाया गया है, जिसमें लड़की का चेहरा स्पष्ट नहीं है। दूसरे विवाह का आरोप सरासर गलत है। यह आरोप याची की ओर से दर्ज कराए गए दहेज उत्पीड़न के मुकदमे का बदला लेने की नीयत से लगाया गया है।

गौरतलब है कि याची के पति और ससुराल वालों ने पुलिस अधिकारियों को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि पहले पति से तलाक लिए बिना याची ने दूसरी शादी रचा ली है। सीओ सदर मिजार्पुर ने मामले जांच की तो शिकायत झूठी निकली।इसके बाद पति सत्यम सिंह ने वाराणसी के जिला न्यायालय में परिवाद दाखिल कर दिया।

**हिंदू विवाह में सात फेरों के सात वचन अनिवार्य तत्व :** दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह की वैधता को स्थापित करने के लिए सप्तपदी एक अनिवार्य तत्व है। वर्तमान मामले में इसका कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। यह स्पष्ट है कि सिर्फ याची को परेशान करने के उद्देश्य से दूषित न्यायिक प्रक्रिया शुरू की गई है, जो अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। अदालत का यह दायित्व है कि वह निर्दोष लोगों को ऐसी प्रक्रिया से बचाए। कोर्ट ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अप्रैल 2022 को याची के विरुद्ध जारी सम्मन और परिवाद की कार्यवाही को रद्द कर दिया है।




## राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस पर अयोजित हुई कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत आज राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस दिन के अवसर पर वन विभाग, जिला गंगा समिति तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान की टीम द्वारा जन जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम वन विभाग के प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी के निर्देशन में अयोजित किया गया ' कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, शोधकर्ता मिस निधि सिंह , कंपाइलर अशुस्तोष शुक्ला, जेआरएफ श्वेता मौर्य सिंह व वन विभाग की टीम उपस्थित रहीं ' जिला परियोजना अधिकारी ने बताया भारत में हर साल 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस मनाया जाता है। डॉल्फिन के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। डॉलफि न एक स्वस्थ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के एक आदर्श संकेतक के रूप में कार्य करती हैं, इस प्रकार डॉलफि न का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।शोधकर्ता मिस निधि सिंह ने गंगा डॉल्फिन के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी जिसमें उन्होंने बताया भारत के नदियों में बढ़ते प्रदूषण से डॉल्फिनों की संख्या में लगातार कमी आ रही है,डॉल्फिन के आवास क्षेत्रों से की जा रही छेड़छाड़ जैसे बाँधों का निर्माण और मछली पालन से भी डॉल्फिन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और साथ ही उन्होंने वन्यजीव के महत्व और वन्यजीव सप्ताह की महत्वता के बारे में भी बातचीत की। मिस एनी बिष्ट और मिस समृद्धि शर्मा ने भारत सरकार की 'मिशन लाइफ' पहल के बारे में और वन्यजीव सफलता की कहानियों के बारे में चर्चा की। मिस काशिश शेरदिया और मिस अरुषि भट्ट ने पहेली और सांप-सीढ़ी जैसे खेल और गतिविधियों का आयोजन किया। यह एक साक्षात्कारपूर्ण और संपूर्णतः ज्ञानवर्धन सत्र रहा ।कार्यक्रम में वन विभाग के स्टाफ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम के अंत में मौजूद लोगों को डॉल्फिन की रक्षा का संकल्प दिलाया गया।

# पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी पर 10 हजार हर्जाना

अखंड भारत संदेश

**हाईकोर्ट ने चुनाव याचिका पर सुनाया फैसला, विधायक विजमा यादव को देना होगा हर्जाना**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रतापपुर विधानसभा से विधायक विजमा यादव के खिलाफ पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी की ओर से दाखिल चुनाव याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। याचिका पर सुनवाई के बाद संशोधन की सशर्त अनुमति दे दी है। पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को सपा की विधायक विजमा यादव को 10 हजार रुपये हजार्ना अदा करना होगा। यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ की खंडपीठ ने दिया है।

**प्रतापपुर सीट के चुनाव परिणाम को हाईकोर्ट में चैलेंज किया था :** फरवरी 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी विजमा यादव ने प्रतापपुर विधानसभा सीट से भाजपा अपना दल गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को पराजित कर दिया था। विजमा यादव के निर्वाचन को पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**चुनाव याचिका में ये थे आरोप :** चुनाव याचिका में राकेशधर त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि निर्वाचित विधायक विजमा यादव ने अपने नामांकन फॉर्म में आपराधिक मामलों में अदालतों में निर्मित हो चुके आरोपों की जानकारी छुपाई थी, लिहाजा निर्वाचन को रद्द किया जाना चाहिए। चुनाव याचिका दाखिल होने के दौरान अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेज पेश न करने के कारण उन्होंने संशोधन प्रार्थना पत्र के माध्यम से चुनाव याचिका में शामिल करने की अर्जी दी थी। इसपर कोर्ट ने कहा कि आरोपों के समर्थन में पहले ही दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं। बार-बार पेश की जा रही इस तरह की अर्जी से विपक्षी विधायक को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।इसके बाद कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद याची पूर्व मंत्री के संशोधन प्रार्थना पत्र को 10 हजार रुपये के हजार्ने के साथ स्वीकार कर लिया। यह हजार्ना पूर्व मंत्री को विधायक विजमा यादव को एक हफ्ते के भीतर अदा करना होगा।

# डेंगू का डंक छीन रहा आंखों की रोशनी

अखंड भारत संदेश

**प्लेटलेट्स गिरने के बाद दो मरीजों में आई समस्या**



**प्रयागराज।** डेंगू का डंक अब आंखों की रोशनी छीनने लगा है। प्रयागराज में डेंगू के दो ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें मरीज की आंखों की रोशनी चली गई। दोनों आंखों की रोशनी जाने के बाद एक मरीज को दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे का इलाज मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में चल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब डेंगू के कारण शरीर में प्लेटलेट्स 26 हजार के नीचे चला जाता है, तो कभी-कभी इंसान की आंख के पीछे अंदर ही अंदर खून का रिसाव शुरू हो जाता है। इससे आंख काली होकर आगे उभरने लगती है। इसे नेक्रोसिस कहा जाता है। इसमें आंख का विजन शून्य हो जाता है। ऐसे में आंख को निकालकर उस स्थान पर पत्थर की आंख लगानी पड़ती है। मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय के निदेशक और मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह बताते हैं कि उन्होंने अपने मेडिकल कॅरियर में डेढ़ लाख ऑपरेशन किए हैं। लेकिन उनके सामने पहली बार इस प्रकार के दो मामले सामने आए हैं, जिसमें डेंगू मरीज के आंख की रोशनी चली गई। उन्होंने बताया कि यह डेंगू रक्तस्त्रावी में स्क्लेरल नेक्रोसिस से जुड़ा पैनोफथालमिटिस है।पहला मामला 14 अगस्त को मिला। प्रयागराज निवासी राजीव कुमार को आठ अगस्त को हैदराबाद में डेंगू हुआ। वह अपना इलाज कराने प्रयागराज आ गए। जिस समय वह मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय पहुंचे, उनकी दोनों आंखें काली पड़ने के बाद उभरकर बाहर आ चुकी थीं। जांच में पाया गया कि मरीज का प्लेटलेट्स गिरने के कारण उनकी आंख के पीछे से खून बहने लगा। उन्हें नेक्रोसिस हो गया था। दोनों आंखों से दिखना भी बंद हो चुका है। फिलहाल परिजन उन्हें रेफर कराकर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स ले गए हैं।मेजा खास के रहने वाले अजय कुमार को 24 सितंबर को तेज बुखार की शिकायत हुई। उन्हें मेजा सामुदायिक केंद्र ले जाया गया। जहां पर उनकी डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद परिजन उनका इलाज एक निजी अस्पताल में कराने लगे। इस दौरान उनका बुखार तो ठीक हो गया, लेकिन आंखों में दर्द होने लगा। दो अक्तूबर को परिजन उन्हें मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय लेकर पहुंचे। डेंगू के कारण उनका प्लेटलेट्स गिरकर 26 हजार पहुंच गया। आंख के पीछे रक्तस्त्राव होने के कारण उनकी एक आंख काली होकर बाहर उभर आई। फिलहाल उनका इलाज मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में चल रहा है। चिकित्सकों की मानें तो उनके दाएं आंख की रोशनी जा चुकी है। डेंगू की नेत्र संबंधी अभिव्यक्तियां सबकोन्जंक्टिवल हेमरेज से लेकर ऑप्टिक न्यूरोपैथी तक होती हैं। डेंगू बुखार में पैनोफथालमिटिस एक दुर्लभ खोज है। इसमें आंखों में दर्द, लालिमा, सूजन और दृष्टि में नुकसान पहुंचता है। ऐसे में मरीज की आंख बाहर निकालकर उसकी जगह पत्थर की आंख लगाई जाती है।

**- डॉ. एसपी सिंह, प्राचार्य, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 996526324686 में मेरा नाम अंग्रेजी के अक्षरों में SARVESH KUMAR MISHR (सर्वेश कुमार मिश्र) दर्ज है जो सत्य वह सही है। शपथ करता के कुछ दस्तावेजों में सर्वेश कुमार मिश्रा दर्ज है जो गलत है। मेरा सही नाम SARVESH KUMAR MISHR (सर्वेश कुमार मिश्र) है।

**सर्वेश कुमार मिश्र पुत्र श्री घनश्याम मिश्र निवासी ग्राम महोरी खाई तहसील करछना जिला प्रयागराज।**

# देवरिया काण्ड के दोषी अधिकारियों को दण्डित करे सरकारः अखिलेश यादव

## अधिकारियों ने की होती तो न जाती छह लोगों की जान



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों में भय व्याप्त कर रही है। जीरो टालरेंस की बात करने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देवरिया काण्ड के दोषी अधिकारियों को दण्डित कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य करना चाहिये।

सपा मुखिया अखिलेश यादव आज शहर के राजकीय इंटर कालेज में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने पहले कार्यवाही की होती तो छह लोगों की जघन्य हत्या न होती। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार की चपेट में है। महंगाई से जनता परेशान है। प्रदेश की कोई तहसील नहीं है, जहां पर भ्रष्टाचार न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाहरी उद्योग के आने का ढिंढोरा पीटा गया लेकिन अभी तक कोई उद्योग नहीं लग पाया। सरकार ओडीएफ घोषित किये हुए है, जबकि वास्तविकता है कि शौचालय आज भी बहुत से अपूर्ण हैं और जो पूर्ण भी हैं, उसमें ताला लगा रहता है। प्रदेश के गड्ढामुक्त सड़कों के नाम पर करोड़ों का बंटाधार हुआ है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सपा सरकार में बने ट्रामा सेंटर की उपेक्षा की जा रही है। प्रतापगढ़ शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सांड़ों के हवाले बताया। उन्होंने कहा कि एक चश्मे की दुकान पर सांड़ बैठा हुआ था तो मैंने कहा कि शायद वह भी टेस्ट कराने गया है। उन्होंने कहा कि रात 11 बजे के बाद प्रतापगढ़ की सड़कों पर सांड़ों (छुट्टा पशुओं) का कब्जा रहता है और आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि जनता परेशान है और सरकार केवल बुल्डोजर का भय दिखाती है। इसके अलावा सरकार जिनसे घबराती है, उन्हें गिरफ्तार कर लेती है। उन्होंने सपा कार्यकताओं के प्रशिक्षण की तारीफ करते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ता बूथ तक गया तो भाजपा सरकार का जाना तय है। उन्होंने कहा कि इस बार इण्डिया गठबंधन से भाजपा को शिकस्त मिलेगी। पत्रकारवार्ता में विधायक डा0 आरके वर्मा सहित अनेक समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण में सपाइयों को अखिलेश ने दिया जीत का मूल मंत्र

**अखंड भारत संदेश**



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद सपा कार्यकर्ता।

**प्रतापगढ़।** दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सर्व प्रथम प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम पर है पेट्रोल, डीजल, गैस के साथ खाद्य पदार्थ सब भाजपा सरकार में महंगा है सड़कें टूटी हुई है। भाजपा का गड्ढा मुक्त सड़कों का वादा फेल हो गया है भाजपा सरकार संविधान को खत्म कर रही है। मजदूर, किसान, छात्र, नौजवान सभी भाजपा सरकार से त्रस्त है। उन्होंने कहा देश में पी.डी.ए. इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो 4 साल अग्निवीर सैनिको की नौकरी की व्यवस्था खत्म कर। पुरानी व्यवस्था बहाल की जायेगी। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल, विधायक लालजी वर्मा, पूर्व विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह, पूर्व एमएलसी सुनील सिंह यादव साजन, विधायक रामसिंह पटेल, विधायक डॉ.आरके वर्मा, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव मुन्ना, पूर्व विधायक सलीम शेरवानी, महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद, पूर्व प्रत्याशी एमएलसी विजय यादव, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा संजय पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा सौरभ सिंह, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## बहुत दिन बाद अखिलेश यादव की संजय पाण्डेय से हुई मंत्रणा

**प्रतापगढ़।** सपा मुखिया अखिलेश यादव पूर्व मंत्री राजापाल पाण्डेय के पुत्र संजय पांडे को मनाने शहर स्थित उनके आवास पर पहुँचे। इस दौरान संजय पांडे और अखिलेश यादव के बीच लंबी बातचीत हुई जिस पर अखिलेश यादव के समझाने के बाद संजय पांडे मान गये और पूर्व सीएम की गाड़ी बैठकर संजय पांडे सपा के प्रशिक्षण शिविर पहुंचे। बता दें कि विधान सभा चुनाव में एन मौके पर टिकट कटने के बाद सपा से संजय पाण्डेय दूर हो गए थे। सपा प्रमुख के इस कदम ने जिले का सियासी तापमान बढ़ा दिया है।

## अखिलेश की प्रेस कांफ्रेन्स में जाने से पत्रकारों को पुलिस ने रोका

**प्रतापगढ़।** सपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण के बाद राजकीय इंटर कालेज में आज दिन में एक बजे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की प्रेस कांफ्रेन्स की सूचना सपा की ओर से दी गई थी। पत्रकार जब केपी कालेज की तरफ बने गेट पर पहुंचे तो पुलिस ने यह कहकर उन्हें रोक दिया कि बहुत पत्रकार अंदर जा चुके हैं। बाद में पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल आए तब पत्रकार अंदर जा सके।

## दिवंगत पूर्व विधायक श्याद अली के घर पहुंचकर दी सांत्वना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सपा मुखिया अखिलेश यादव पूर्व विधायक श्याद अली के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि वह कल डाक बंगले में हमसे निकले, तब उनकी तबियत खराब हुई और अस्पताल पहुंचने पर हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। घर में आए इस दुख पर ढांढस बंधाते हुए परिजनों से उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उनके साथ है। श्याद अली उनके पिता जी के साथ काम कर चुके थे और समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही थे। सपा मुखिया का काफिला 11 बजे पुराना माल गोदाम रोड स्थित दिवंगत नेता इरशाद सिद्दीकी के आवास पर जाकर उनकी पत्नी व दोनों पुत्रियों को भरोसा दिलाया। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर पूर्व विधायक श्याद अली के निधन पर शोक जताया गया।

## एमडीपीजी कालेज में हुआ परिचय सभा का आयोजन, 70 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**



मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्राचार्य।

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ के बी.एड. विभाग द्वारा बी.एड. प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2023-2025) के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए परिचय सभा का आयोजन किया गया। परिचय सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज मिश्रा ने किया।

इस दौरान परिचय सभा का प्रारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव दीप प्रवज्जलन के साथ हुआ। बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा निधि त्रिपाठी के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। परिचय सभा में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. माया शंकर कौशल ने बी.एड. पाठ्यक्रम के संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। परिचय सभा में प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

परिचय सभा में विभाग की प्राध्यापिका प्रो. डॉ. गीता शुक्ला एवं प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार पांडे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में डॉ.अरविंद कुमार मौर्य ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रदर्शन किया। परिचय सभा में कुल 70 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिचय सभा का संचालन सन्तोष पटेल एवं निधि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

# मिडिल स्कूल परियावां के अनुचर चपरासी ने कमरे मे फांसी लगाकर दी जान, मचा हड़कंप

## मृतक के लड़के ने पैसे के लेन देन का तनाव बताते हुए दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**



परियावां मिडिल स्कूल परिसर में लगी ग्रामीणों की भीड़।

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परियावां (मिडिल स्कूल) में गुरुवार की सुबह लगभग 7 बजे जलालपुर के केरावडीह गाव निवासी जय प्रकाश पुत्र स्व0 राम बहादुर यादव (अनुचर) (49) वर्षीय कार्यरत चपरासी का स्कूल के अंदर कक्ष संख्या 6 बी मे पंखे से नायलान की रस्सी के सहारे लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने उप निरीक्षक व सिपाहियों के साथ घटना स्थल मिडिल स्कूल पहुंचे स्कूल के छोटे गेट का बाहर से ताला बन्द होने के कारण पुलिस ताला तोड़कर अंदर खुला दरवाजे के कमरे मे पहुंची तो सामने पंखा से लटकता शव देखकर दंग रह गई। मृतक के जेब मे तलाशी के दौरान मोबाईल सुइच आफ व बैंक की चेक बुक के साथ स्कूल के गेट की चाभी मिली।

घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के प्रधानाचार्य योगेशचन्द्र श्रीवास्तव व मृतक के तीनो लड़के व रिश्तेदार मौके पर पहुँचे। शव देख मृतक के परिजनों मे चीख पुकार मच गई सभी का रो रोकर बुरा हाल था। कोई कुछ समझ नही पा रहा था कि आत्म हत्या करने की वजह क्या हो गई जो इतना बड़ा घातक कदम परिजनों को बिना बताये उठा लिया। पुलिस ने मृतक के बड़े लड़के मान सिंह यादव की सूचना पर शव की लिखा पढ़ी करके थाने ले गई जिसे पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बारे मे मृतक के परिजन ने बताया कि बुधवार को कंचनपुर निवासी गांव के दो लोग स्कूल मे आकर बैठे थे कि बिना पैसे लिए आज नही जाएगे जिस पर मामला पुलिस तक पहुंच गया जिस पर नवाबगंज थाने मे पुलिस के सामने जय प्रकाश ने दो लाख तीस हजार रुपया एक युवक को नगदी देकर सुलह समझौता करा दिया। गुरुवार की सुबह पता चला कि जय प्रकाश का स्कूल मे कमरे के अंदर पंखा से शव लटक रहा है। परिजन लोग भागकर स्कूल पहुँचे। सवाल यह है कि स्कूल से छुट्टी होने के बाद रात भर कहाँ रहे यह पता नही चल पा रहा है जिसको लेकर परिजन लोग परेशान हैं। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि मामला पैसे के लेन देन का है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो भी हो विधिक कारवाई की जाएगी।

# राजस्व के प्रकरणों का जल्द से जल्द किया जाये निस्तारणः डीएम

## जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



सदर तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने राजस्व अभिलेखों की पत्रावलियों क्रमशः वरासत, खसरा खतौनी, आवास आवंटन, कृषि आवंटन, एन्टी भू-माफिया, आई0जी0आर0एस0, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, धारा-24 एवं 38 रजिस्टर आदि का अवलोकन किया।

उन्होंने न्यायिक पेंशकर से खतौनी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और पत्रावलियों को देखा तो संज्ञान में आया कि बिना लेखपाल के बयान के ही दाखिल खारिज कर दिया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बिना लेखपाल की रिपोर्ट के कोई भी दाखिल खारिज न किया जाये और जो साक्ष्य के अभाव में खारिज किये गये है यह स्थिति ठीक नही है, इनमें लेखपालों का साक्ष्य लिया जाये। इनी प्रकरणों पर लोग शिकायती पत्र देते रहते है।

उन्होने निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 एवं अन्य शिकायतों से सम्बन्धित जो भी पत्रावलियां है उनका अलग अलग सर्किल वाइज फाइल बनायी जाये, अगर पुनः बार-बार शिकायत प्राप्त होती है तो पहले आयी हुई शिकायतों से मिलान किया जाये, यदि शिकायतों का निस्तारण हो गया है तो, इसके बावजूद भी यदि शिकायतें आये तो सम्बन्धित शिकायतकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। वर्ष 1947 से अब तक की पत्रावलियाँ/प्रकरण निकलवाकर अलग अलग छाँटकर अनुरक्षित किया जाये तद्नुसार पटल सहायकों को उत्तरदायित्व देते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, यह भी निर्देशित किये कि जब तक पटल सहायक अथवा उत्तरदायी प्रभारी कर्मचारी द्वारा निस्तारण समय से सुनिश्चित न किया जाये तब तक उनके वेतन के भुगतान पर रोक लगाना उचित होगा। उन्होने राजस्व प्रकरणों की विषम परिस्थिति को देखते हुये निर्देशित किया कि एक माह के समय सीमा के अन्तर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण करायी जाये ताकि सुधार हो सके। एन्टी भू-माफिया के जो प्रकरण पाये गये है उन पर मुकदमा दर्ज कराया जाये। जिलाधिकारी ने तहसीलदार एव नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वरासत से सम्बन्धित लम्बित प्रकरण को लेखपालों द्वारा दाखिल खारिज कराया जाये, यदि लेखपाल द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत वरासत के प्रकरणों का निस्तारण नही किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जाये। राजस्व के प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह सहित तहसीलदार एव नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## शौर्य जागरण यात्रा का विहिप व बजरंग दल ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल काशी प्रान्त के तत्वाधान में निकाली गयी शौर्य जागरण यात्रा का टोल प्लाजा रामफल इनारी के पास विहिप व बजरंग दल प्रतापगढ़ के कार्यकताओं द्वारा यात्रा की अगवानी की गयी। इस दौरान देल्हूपुर, विश्वनाथगंज व भुपियामऊ में स्वागत एवं माल्यार्पण व संस्कार गार्डेन पटेल नगर भगवाचुंगी में शौर्य सभा का आयोजन किया गया जिसमें पूज्य संत श्री श्री 108 श्री पुरुषोत्तमाचार्य महाराज महंत श्रीवैष्णव आश्रम दारागंज प्रयाग, सत्य प्रताप प्रान्त संयोजक बजरंग दल काशी प्रान्त, आनंद जी प्रान्त सह संयोजक, सियाराम सेठ सीता राम धाम, विभाग से अमरेश, रविकांत,रजनीश, नवीन, जिले से चंदन, अंजनी, रामदीन, विजय, राजन, विकास, प्रशांत, ऋषभ, दीपक, शुभम, प्रदीप, लालप्रताप, आलोक, आशुतोष, विक्रम, अनुज,फौजी काका, सुभाष, विजय, विनय, दिनेश, द्वारिका, सुधांशू, रमेश, दिलीप आदि शामिल हुए। नगर भ्रमण करते हुए द्वारिका प्रसाद डिग्री कालेज भुआलपुर किला कटरा में रात्रि विश्राम कराया गया। यह यात्रा विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल काशी प्रान्त द्वारा 20 जिलों के 1400 गांवों में शौर्य जागरण यात्रा के माध्यम से हिन्दू युवाओं में अपने पूर्वजों का प्रतीक गौरव का भाव जागृत करने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया है। बता दें कि 30 सितम्बर सोनभद्र से यात्रा प्रारम्भ की गई है और 10 अक्टूबर को विशाल जनसभा स्थान खेल मैदान संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय काशी में समापन किया जाएगा।

# दैनिक जीवन से जुड़ी सेवाएं घर बैठे प्राप्त करें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने नागरिकों को अपने द्वार पर ही दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराने के लिये सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया है। इस पोर्टल पर आवेदन करते ही कारपेन्टर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटिशियन, टूर एण्ड ट्रेवल्स आदि की सेवा देने के लिये सेवामित्र घर पहुँचेंगे। सेवामित्र पोर्टल व्यवस्था के क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने हेतु एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सेवामित्र जागरूकता पखवारा मनाया जा रहा हैं।

सेवामित्र पोर्टल पद पर लॉगिन करके दैनिक जीवन से जुड़ी कारपेन्टर, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटिशियन, टूर एण्ड ट्रेवल्स आदि की सेवायें प्राप्त की जा सकती है। नये सेवामित्रों को भी पोर्टल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आम नागरिकों को घर बैठे सुविधा देने के लिये नागरिकों को हेल्प लाइन नम्बर 155330 पर सेवाओं की बुकिंग किये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

## आधा दर्जन मकानों को खंगाल ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के रखहा बाजार में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन मकानो में मालिक के घर होने के बावजूद चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। पहली चोरी रखहा बाजार निवासी वीरभद्र सिंह (आनंद) बाजार में ही दुकान रखकर जीवकोपार्जन करते है।बीती रात घर की दीवार से कूदकर किसी समय चोरों ने उनके घर मे घुसकर कमरे का ताला तोड़कर नगदी व गहने वाली पेटी उठा ले गए। दूसरी बड़ी चोरी बद्री सिंह जो ग्रामीण बैंक की शाखा चलाते है उनके घर भी 30 हजार नगदी समेत लाखों का गहना चोर उठा ले गए।घर वाले और पत्नी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। सुबह होने पर जब मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा खुला देखा और अलमारी के समान इधर उधर बिखरा देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई वही साथ मे रखी हुई पेटी भी गायब थी जिसमे नगदी व समान रखा था।फिलहाल घर से कुछ दूरी पर खेत में चोरो ने पेटी में से समान निकालकर खाली पेटी वही छोड़कर फरार हो गए। इसी क्रम में शुभम पुत्र देवीदीन निवासी रखहा गांव के यहां 5 हजार नगदी और पायल उठा ले गए और रखहा बाजार में मस्जिद के बगल सद्दाम की 2 मोबाइल व सलीम और शरीफ का पंखा मोबाइल चोर उठा ले गए।

# पठन-पाठन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अध्यापकों के विरूद्ध की जाए कार्रवाईः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 1641 प्राथमिक विद्यालय है, उच्च प्राथमिक विद्यालय 354 है, संविलियन विद्यालयों की संख्या 377 है। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में 19 पैरामीटरवार की स्थिति के सम्बन्ध में समीक्षा की और विद्यालय में विद्युत संयोजन, बालक/बालिका के शौचालय, शौचालय में जल-नल आपूर्ति को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है और कहा कि 19 पैरामीटर के तहत जो भी कार्य है उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये। प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी जिसमें आसपुर देवसरा में 11 प्रारम्भ है जिसमें से 10 पूर्ण हो चुके है और 01 पर कार्य चालू करा दिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो विद्यालय पूर्ण हो गये है उसकी जांच कराकर हैण्डओवर किया जाये। मंगरौरा में 06 एवं शिवगढ़ में 10 विद्यालय निर्माण के कार्य प्रारम्भ है जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के अन्तर्गत 22 विद्यालय निर्माण कार्य में 03 अनारम्भ है। ए0ई0 प्रान्तीय खण्ड द्वारा बताया गया कि खण्ड़न्जा एवं जमीन की विवाद से कार्य रूका हुआ है जिस पर एबीएसए से जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि ऐसी कोई समस्या नही है जिस पर जिलाधिकारी ने ए0ई0 प्रान्तीय खण्ड को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि 03 दिवस के अन्दर कार्य को शुरू किया जाये और उसकी फोटोग्राफ भेजकर अवगत कराया जाये। पट्टी में 07 निर्माण कार्य में से 02 अनारम्भ है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अनारम्भ कार्यो को जल्द शुरू किया जाये और जहां पर कार्य चल रहा है उसे 15 नवम्बर तक पूर्ण किया जाये। डिस्ट्रिक टास्क फोर्स एवं ब्लाक टास्क फोर्स के तहत निरीक्षण अनुपालन की समीक्षा की गयी जिसमे पाया गया कि सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जांच नही की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच की जाये। ब्लॉकवार छात्र आधार पेंडेंसी एनालिटिक्स की समीक्षा में जिलाधिकारी ने एबीएसए को निर्देशित किया कि आधार पेंडेंसी एनालिटिक्स के कार्य को कराया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रेरणा मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत मंगरौरा के 01 एवं कालाकांकर के 01 प्राथमिक विद्यालयों में कई दिनों से भोजन नही मिल पाया है जिसमें संज्ञान में यह आया है कि कालाकांकर में कोटेदार द्वारा राशन उपलब्ध नही कराया गया एवं मंगरौरा में स्टाफ के इस्तीफा देने के कारण समस्यायें उत्पन्न हुई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मध्यान्ह भोजना योजना के तहत बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने की जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

## 03 वर्ष पूर्ण कर चुकें पंचायत सचिव और लेखपालों को स्थानांतरित करने के निर्देश, राजस्व वादों भूमि विवादों का तेजी से निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा गुरुवार को उदयन सभागार में जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान एक क्लस्टर में 03 वर्ष पूर्ण कर चुकें सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी को अन्य विकास खण्ड में तैनात करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने 03 वर्ष पूर्ण कर चुकें लेखपाल को अन्य तहसील में तैनात करने तथा एक थानें में 02 वर्ष पूर्ण करने वाले दरोगा/सिपाही को अन्य सर्किल क्षेत्र में तैनात करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागीय योजनाओ में तेजी से प्रगति करते हुए पात्र लाभार्थियां को लाभान्वित किया जाय तथा विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाय, ताकि जनपद का सर्वांगीण विकास तेजी से हों सके। ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व वादों/भूमि विवादों का तेजी से निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता विद्युत से जनपद में विद्युत आपूर्ति एवं खराब ट्रान्सफार्मर बदलने की कार्यवाही आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए संविदा विद्युत कर्मियों एवं जे0ई0 के क्षेत्र बदलने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने नलकूप का कनेक्शन लिया है, उन किसानों से 01 अप्रैल 2023 से विद्युत बिल न लिया जाय,जनपद में निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति तथा खराब ट्रान्सफार्मर को समयान्तर्गत बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। अधिशासी अभियंता विद्युत, चायल की काफी शिकायतें प्राप्त होने पर जॉच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जॉच सही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही किया जाय। तालाबों, चकमार्गों, चारागाह एवं खेल मैदान में हुए अवैध अतिक्रमण/कब्जों को अभियान चलाकर खाली करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी गरीब व्यक्ति का कब्जा है तो उसकी समुचित व्यवस्था करने के बाद ही गरीब व्यक्ति को हटाया जाय तथा किसी माफिया को न छोड़ा जाय, उन्होंने तालाबों की भूमि पर वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवारा घूम रहें गोवंशों को पकड़वाकर गौशालाओं में संरक्षित करने तथा निर्माणाधीन गौशालाओं का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। चिन्हित चारागाह की भूमि पर नैपियर घास की बुआई सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 1200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा 1600 आवेदन प्राप्त हों गये है, जिस पर उन्होंने कहा कि बैंकर्स के साथ बैठक कर प्रगति लाने तथा पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमओ से कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा बीमार व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल से जल योजना के तहत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा की दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम से अब तक कराये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार सभी कार्यों को कराने के निर्देश दिये। पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को तत्काल ठीक कराया जाय तथा टेस्टिंग हो जाने के बाद सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करायी जाय, ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिलाधिकारी को जनपदीय अधिकारियों से 10 प्रतिशत ग्राम सभाओं में जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहें कार्यों का सत्यापन कराने के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि जनपद में लगभग 65 हजार घरों में नल से जल पहुॅच रहा हैं, जिस पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने सत्यापन कराने के निर्देश दियें। उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में 02 लाख 13 हजार लाभार्थी हैं, जिसमें से 59 हजार लाभार्थियों का आधार सीडिंग एवं लैण्ड सीडिंग का कार्य शेष रह गया है, जिसे 15 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेंगा। उन्होंने धान खरीद के लिए जनपद में पर्याप्त खरीद केन्द्र बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से हाईब्रिड धान की खरीद के लिए भी कार्ययोजना बनाकर खरीद सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसानों को बिजली, बुआई, खाद एवं सिंचाई आदि किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये तथा किसानों को शासन द्वारा संचालित योंजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित किया जाय। बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में विगत वर्ष 135 सोलर पम्प लगाये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसे पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने जनपद में और सोलर पम्प लगाये जाने के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित करनें के निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि 15 अक्टूबर से नहरों की साफ-सफाई कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेंगा, जिस पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नहरों की साफ-सफाई ठीक प्रकार से सुनिश्चित करायी जाय तथा नहरों की पटरियों का निरीक्षण कर, अवैध कब्जों को हटवाया जाय। उन्होंने कहा कि नहरों में टेल तक पानी पहुॅचाया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय तथा किशनपुर पम्प कैनाल की क्षमता वृद्धि किया जाय। बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 63 हजार हैण्डपम्प हैं, जिस पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर वाटर रिचार्ज विकसित करने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय, ताकि जल स्तर बढ़ सकें। उन्होने अधिशासी अभियंता सिंचाई से ससुर खदेरी नदी एवं किलनहाई नदी का जीर्णोद्धार किये जाने के किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि इन नदियों के साथ ही जनपद के और नदियों तथा छोटे-छोटे नालों का जीर्णोद्धार करने की कार्यवाही प्रारम्भ किया जाय, जिससे जलस्तर बढ़ सकें तथा डार्क जोन के विकास खण्ड, डार्क जोन से बाहर आ सकें। उन्होंने जनपद में अमृत सरोंवरों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि अमृत सरोंवरों की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखी जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को आवास योजना से लाभान्वित किया जाय तथा पात्र व्यक्ति को अपात्र करने वाले दोषी कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। कहा कि आवास के नाम पर वसूली की शिकायत न आने पाये, शिकायत प्राप्त होनें पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियां को उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना के तहत निःशुल्क विद्युत कनेक्शन सहित आदि योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दियें। पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि घटतौली की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध कार्यवाही किया जाय। खाद्यान्न उठान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाये, इसकी जॉच भी किया जाय। उन्होंने जनपद में रैक एवं अनाज गोदाम बनाये जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेंषित करने के भी निर्देश दिये। आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान कहा कि अभियान चलाकर तेजी से लाभार्थियां के गोल्डेन कार्ड बनायें जायें तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों/कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि दीपावली तक जनपद की सभी सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने की कार्यवाही पूर्ण कर लिया जाय। निमार्णाधीन सेतु-अझुवा, सैयद सरावा एवं बम्हरौली में आ रहीं समस्याओं का निस्तारण करते हुए शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा रामवन गमन मार्ग एवं प्रयागराज एयरपोर्ट से उत्खनन स्थल कौशाम्बी तक सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। आगामी दुर्गा पूजा सहित अन्य त्यौहारों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही समय से पूर्ण कर लिया जाय। पी0एम0 स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी नगर निकायों को मिलाकर 50 हजार लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाय तथा सभी नगर निकायों में वेडिग जोन बनाया जाय। पेंशन योजनाओं के लम्बित आवेदनों को शीघ्र सत्यापन कराकर पात्रों को लाभान्वित करायें तथा आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने कर्मचारियों के साथ माह में कोई एक दिन चिन्हित कर सफाई अभियान चलाकर अपने कार्यालय तथा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई करने का कार्य किया जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजित हो रहें ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों की समस्याओं के निस्तारण के साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय तथा ग्राम चौपाल से एक दिन पूर्व उस गॉव में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाय।इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर, अध्यक्ष जिला पंचातय श्रीमती कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी एवं मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### डिप्टी सीएम से मिलने पहुंचे तिहरें हत्याकांड में मृतक के परिजन



**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जिले में आगमन की जानकारी मिलते ही संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में तिहरे हत्याकांड में मृतक के परिजन डिप्टी सीएम से मिलने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष कलेक्ट्रेट में पहुँच गए ग्राम मोहिउद्दीनपुर गौस उपरहार में हुए तिहरे हत्याकांड में मृतक होरी लाल पुत्र श्रीनाथ, शिवसरन पुत्र राम बहादुर एवं बृजकली पत्नी शिवसरन के परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ आपके साथ खड़ी है। दोषियां को कठोर से कठोर सजा दिलवायी जायेगी।

### श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास समिति के जिला अध्यक्ष बने कर्णवीर सिंह



**कौशाम्बी।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास समिति मथुरा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र जारी करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण और सनातन धर्म में आस्था को देखते हुए श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं राष्ट्रीय महामंत्री संगठन अश्वनी शर्मा की सहमति से कर्णवीर सिंह को श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास का कौशांबी जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है कर्णवीर सिंह मूल रूप से मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बैशकाटी गांव के रहने वाले हैं श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास समिति के प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा अश्वनी पण्डित ने पत्र जारी करते हुए कर्णवीर सिंह को कहा है कि आपको जोड़ने से श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से शाही ईदगाह को हटाने के लिए संघर्ष कर रहे सनातनी हिंदुओं को बल मिलेगा उन्होंने कहां की हमें विश्वास है कि आप अपने सर्वोत्तम ज्ञान एवं ऊर्जा का उपयोग करते हुए न्यास के सिद्धांतों का सत्य निष्ठा कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते रहेंगे इस बात की जानकारी जैसे ही कौशांबी के लोगों को हुई लोगों ने कर्णवीर सिंह को नियुक्ति पर बधाई दी है।

### सड़क पर पलटा पिकअप साथी समेत बचे चालक




**कोखराज कौशांबी।** कानपुर से सामान उतार कर वापस प्रयागराज लौट रहे पिकअप चालक कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा बार्डर पर अनियंत्रित होकर पलट गए हैं हादसे में किसी को गंभीर चोटे नहीं आई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार प्रयागराज झूसी निवासी अमजद अंसारी पुत्र इम्तियाज अहमद वा साथी मूलचन्द यादव पुत्र लच्क्षनधारी यादव निवासी झूसी पिकअप में सामान लेकर बुधवार को कानपुर गए थे कानपुर में सामान उतारने के बाद गुरुवार को चालक अपने साथी के साथ पिकअप से वापस प्रयागराज लौट रहे थे जैसे ही पिकअप सवार कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा बार्डर के पास पहुँचे चालक को नीद आने से हडबडाहट में केशव प्रसाद मौर्य के प्रेट्रोल टंकी के नजदीक हाइवे पर लगे बोर्ड से टकरा कर पिकअप वाहन सड़क पर पलट गया वाहन का चारों पहिए ऊपर आ गया दुर्घटनाग्रस्त पिकअप गाड़ी नंबर वढ70छळ5601 बताया जाता है वाहन पलटने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को मिली पुलिस भी मौके पहुंच गयी वाहन में फंसे चालक और उसके साथी को बाहर निकला गया हादसे में किसी को चोटे नहीं आई है

### ट्रक के ब्रेक लगाने से भिड़ा डीसीएम चालक हुआ घायल



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के अझुवा भोला चौराहा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज गुरुवार भोर 4 बजे आगे जा रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे जा रहा डी सी एम चालक ट्रक से भिड़ गया हादसे में चालक को चोटे आई हैं आनन फानन में मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई और घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक डी सी एम चालक दिनेश कुमार पुत्र राजबहादुर निवासी गनेशपुर थाना सिकंदर पुर कन्नौज डीसीएम में प्रयागराज से सब्जी लेकर जा रहा था जैसे ही डीसीएम चालक अझुवा भोला चौराहा पर पहुँचा आगे जा रहे ट्रक से भिड़ गया हादसे में चालक घायल हो गया सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से घायल चालक को सीएचसी सिराथू भेजा जहां गंभीर स्थिति देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर किया है इस दौरान प्रयागराज कानपुर लेन आधा घंटा बाधित रहा है।

### मनौरी के 103 वर्षीय बुजुर्ग दीक्षित जी स्वर्ग को सिधारे



**मनौरी कौशाम्बी।** बीते 63 वर्षों से मनौरी बाजार में रहने वाले सिद्धेश्वर दयाल दीक्षित का गुरुवार की सुबह 103 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है उनके निधन की जानकारी मिलते ही पूरे मनौरी कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोग शामिल हुए हैं मनौरी बाजार के सबसे बुजुर्ग ब्यक्ति बताए जाते है। मूल रूप से इटावा जनपद के रहने वाले सिद्धेवर दयाल दीक्षित कोऑपरेटिव सोसाइटी में सर्विस करते थे जिसके चलते वह इटावा छोड़कर सन 1960 से मनौरी बाजार में अपना आशियाना बना कर दीक्षित जी परिवार सहित रहने लगे थे सीधे सरल स्वभाव के धनी दीक्षित जी लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए थे दीक्षित जी के सरल स्वभाव के कारण लोग इनकी तारीफ करते हुए थकते नहीं थे दीक्षित जी को बड़े छोटे सभी लोग प्यार से पिताजी कह कर पुकारते थे गुरुवार की सुबह 7:00 बजे 103 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली जैसे ही कस्बे के लोगों को उनके निधन की जानकारी मिली उनके आवास पर लोगों का मजमा लग गया और उनके आवास पर पहुंचे हर व्यक्ति की आँखे अश्रुपूरित थी दीक्षित जी का अंतिम संस्कार गंगा नदी के किनारे फतेहपुर घाट में किया गया अंतिम संस्कार में अश्रुपूरित आंखों से सैकड़ो लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी है।

### चांदी के बिछुआ व मोबाइल के साथ दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 10 सितंबर को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है चोरी के मोबाइल और चांदी के बिछुआ समेत दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है लाखों रुपए कीमत का सोने का जेवर चांदी के जेवर और नगद रुपए कपड़ा आदि सामान चोरों ने पार कर दिया था लेकिन खुलासे के नाम पर पुलिस सोने के एक भी जेवर को बरामद नहीं कर सकी है केवल खाना पूर्ति तक खुलासे में पुलिस सीमित रह गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ज्ञानचन्द्र उर्फ नेता पुत्र फूल चन्द्र निवासी पहलवान बाबा के पास ग्राम टेगाई थाना कोखराज के यहां 10 सितम्बर की मध्य रात्रि मे अज्ञात चोरो द्वारा मोबाईल नकदी वा लाखो रुपए कीमत के सोने के जेवरात और चांदी के जेवर चोरी कर लिए थे विवेचना के दौरान सर्विलान्स कौशाम्बी की मदद से दिनांक 04 अक्टूबर को उप निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार शुक्ला ने मय हमराही गोविन्दपुर गोरियो नहर मोड पुलिया टेगाई से गोलू पुत्र घूरेलाल सरोज और हरिमोहन उर्फ बिलऊ पुत्र स्व0 कुमारे निवासी गण मौहारीबाग मजरा गोविन्दपुर गोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

## प्रोफेसर की मौत अपूर्णीय क्षति : प्रबन्धक

### प्रबंधक ने कहा भवन्स मेहता महाविद्यालय ने सरल मृदुभाषी कर्मठ एवम सभी के दिलो में राज करने वाला एक शिक्षक खो दिया

**भरवारी कोउशंबी।** बी एस मेहता डिग्री कालेज भरवारी के सहायक प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी कांत मिश्रा की बुधवार को अपने घर हंडिया से वापस भरवारी कालेज आते समय सड़क हादसे में मौत हो गई मौत की जानकारी के बाद पूरा महाविद्यालय परिवार दुखी है इस बात की जानकारी जैसे ही महाविद्यालय के प्रबंधक एव निदेशक संदीप सक्सेना की हुई उन्होंने दुख ब्यक्त करते हुए कहा कि मेहता कालेज ने एक होनहार प्रोफेसर खो दिया है जिसकी कमी हमेशा खलती रहेगी उन्होंने मृतक आत्मा की शान्ति के लिए शोक व्यक्त किया साथ ही कालेज की शिक्षण कार्य बंद करने का एलान किया बताते चलें कि सहायक प्रोफेसर अपनी पत्नी और बेटी के साथ मेहता डिग्री कॉलेज परिसर में ही रहते थे और टीचर्स डे के दिन उन्होंने अपनी दोनों बेटियों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया था उनकी बेटियां और पत्नी बार-बार रो-रो कर बेहोश हो रही है जिन्हें प्रबंधक ने सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### धर्मा देवी कालेज में आज होगी जनपदीय राइफइल शूटिंग प्रतियोगिता

**कौशाम्बी।** जनपदीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार मे आयोजित होगी सचिव जिला क्रीडा समिति ने कहा है कि समस्त संभागीय सचिव स्वयं अवगत होकर अपने खिलाड़ी छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए उक्त विद्यालय में प्रातः 9:00 बजे प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें, समस्त प्रधानाचार्य संभागीय सचिव शारीरिक शिक्षक राजकीय अशासकीय सहायता प्राप्त वित्त विहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय जनपद कौशांबी को निर्देशित किया गया है कि खिलाड़ी छात्र छात्राएं अपने साथ राइफल पिस्टल, छर्रे ,आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र तथा पिछली कक्षा का अंक पत्र के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें उक्त जानकारी सचिव जिला क्रीडा समिति ने दी है।

### नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का अदालत ने दिया आदेश

**कौशांबी।** फर्जी निवास प्रमाण पत्र के जरिए नगर पालिका परिषद मंझनपुर के निर्वाचित हुए अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पत्रावली की सुनवाई करते हुए बीरेन्द्र फौजी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का निर्देश मंझनपुर कोतवाल को दिया है बीरेंद्र फौजी पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी निवास प्रमाण पत्र मंझनपुर उप जिलाधिकारी से प्राप्त किया है मुकदमा दर्ज कर 10 दिन के अंदर अदालत को अवगत कराने का निर्देश दिया गया है नियमानुसार विवेचना का भी निर्देश दिया है।

### लालजी की पुण्यतिथि पर लंगर प्रसाद वितरण का आयोजन

**कौशाम्बी।** भरवारी कस्बा के परसरा निवासी लाल जी केसरवानी की 7 वी पुण्यतिथि अष्टमी तिथि दिनांक 06/10/2023 दिन शुक्रवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी लंगर प्रसाद वितरण का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र राजा राम कालोनी भवन्स मेहता के पास भरवारी में उनके पुत्रो अमित केसरवानी कपिल केसरवानी बाबा मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड भरवारी की ओर से आयोजित किया गया है कार्यक्रम में लोगों से प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।



## राज्य कर डिप्टी कमिश्नर अभिषेक शाह का विदाई समारोह आयोजित

**भरवारी कौशाम्बी।** नगरपालिका भरवारी स्थित राज्य कर कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर अभिषेक शाह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कमिश्नर अभिषेक शाह को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया और उनके कार्यकाल की सराहना की गई विदाई समारोह में प्रभारी डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार मौर्य असिस्टेंट कमिश्नर योगेश बोहरे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट राम प्रकाश मिश्रा व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव रमेश अग्रहरी जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी अरविंद केसरवानी राधेश्याम केसरवानी गौरव केसरवानी रमेश अग्रहरी अझुवा आदि व्यापारी नेता तथा अधिवक्ता शिव अभिलाष मिश्रा विनोद केसरवानी प्रमोद द्विवेदी एवम भारी संख्या में व्यापारी अधिवक्ता उपस्थित रहे।सभी ने उत्कंठ स्वर से अभिषेक शाह के कार्यकाल की सराहना की अभिषेक ने लगभग सात साल तक जनपद कौशाम्बी में अपनी सेवाएं दी।इस अवधि में करदाता एवम् अधिवक्ता के प्रति अच्छा व्यवहार रहा।इस अवधि में जिले का कर संग्रह प्रगतिशील रहा। अभिषेक शाह ने सभी को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित लोगो ने शाह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी आर पी मिश्रा एडवोकेट अध्यक्ष जिला कर अधिवक्ता संघ कौशाम्बी प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत ने दी है।

## आवास लाभार्थियां को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र आवास की चाभी डिप्टी सीएम ने दिया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उदयन सभागार में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास से लाभान्वित दिव्यांगजन-श्रीमती शिवानी, श्रीमती सोहनी देवी, श्रीमती किरन देवी, श्रीमती प्रेमा देवी, श्रीमती कविता देवी, श्रीमती श्यामा देवी, श्रीमती गुड़िया देवी, श्रीमती अनारकली, श्रीमती गुलशन जहॉ एवं श्रीमती सुषमा देवी को आवास स्वीकृत प्रमाण-पत्र वितरित किया। इसी प्रकार उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रमीण के अन्तर्गत आवास से लाभान्वित- श्रीमती फूलकली, श्रीमती बदामा देवी, श्रीमती वाहिदा बानों एवं श्री अजय को प्रतीकात्मक चाभी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रमीण के अन्तर्गत आवास से लाभान्वित-श्रीमती रूखमिन देवी, श्रीमती सुमन देवी, श्रीमती गनेशी देवी, श्रीमती रतनी देवी, श्रीमती पुष्पा देवी एवं श्रीमती इन्द्रकली को प्रतीकात्मक चाभी वितरित किया। उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्रगति महिला संकुल स्तरीय समिति कुम्हियावां को धनराशि रू0-एक करोड़ 40 लाख 50 हजार तथा सूरज महिला स्वयं सहायता समूह इचौली को रू0-02 करोड़ 68 लाख 50 हजार का डमी चेक वितरित किया। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने बैंक सखियों-राधना यादव, सुमन देवी, शीला देवी, तूबा अफजल एवं सोनू को नियुक्ति-पत्र वितरित किया।

## छात्रा रविता देवी एक दिन के लिए बनी चरवा थानेदार

अखंड भारत संदेश

**स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत छात्रों का चरवा में हुआ प्रशिक्षण, चरवा थाना में भ्रमण कार्यक्रम के तहत थाने की गतिविधियों को जानने के लिए पहुचे थे। जो की स्टूडेंट पुलिस कैडेट के प्रशिक्षण के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।**



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत प्रभारी निरीक्षक चरवा द्वारा राजकीय हाई स्कूल पंसौर विद्यालय के छात्र छात्राओं को चरवा थाना में बुलाया गया। पुलिस द्वारा संचालित समस्त सुविधाओं हेल्प लाइन नंबर अलग अलग तरह के अभियानों और नियम कानून के साथ साथ पुलिस कार्यप्रणाली की तमाम जानकारी स्कूल के छात्रों को दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान चरवा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह द्वारा उक्त विद्यालय की छात्रा रविता देवी पुत्री अशोक कुमार सरोज निवासी जुगवा को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया और रविता को थाने में जन सुनवाई करने का अवसर दिया गया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान नियम कानून के बारे में भी अवगत कराया गया। छात्राओं को मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, 1090 वीमन पॉवर हेल्पलाइन 181 महिला हेल्प लाइन जैसी तमाम नारी सुरक्षा सम्बंधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान चरवा थाना में सभी छात्र छात्राओं को अपने कानूनी हक अधिकारों की भी जानकारी एवं जागरूक किया गया। 112 पुलिस हेल्प लाइन आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 102, 108 हेल्प लाइन स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं के लिए, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन , 1930 साइबर अपराध हेल्प लाइन और महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो आदि प्रशासनिक शासनिक सुविधाओ के साथ ही चरवा थाना के सीयूजी नम्बर के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान चरवा थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक कौशांबी को ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस से जोड़ कर के कार्यक्रम में शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान चरवा थाना की समस्त पुलिस स्टाप और राजकीय हाई स्कूल पंसौर के अध्यापक और सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

## संपादक की कलम से

# हरियाणाः 'ट्रेजडी किंग' बीरेंद्र सिंह की रैली के मायने

हरियाणा के सियासी गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने 2 अक्टूबर को हरियाणा के जींद में 'मेरी आवाज सुनो' नाम से एक रैली की।

खास बात रही कि इस रैली में बीजेपी का झंडे या बैनर का उपयोग नहीं किया गया। पार्टी कार्यकताओं से रैली में राष्ट्रीय ध्वज लाने को कहा गया। वहीं, मंच से चौधरी बीरेंद्र सिंह ने ऐलान किया कि अगर बीजेपी और जेजेपी का गठबंधन हरियाणा में रहेगा तो वो पार्टी में नहीं रहेंगे। ऐसे में लंबे समय से जेजेपी के साथ गठबंधन का विरोध कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री के बीजेपी छोड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

लेकिन अब सवाल उठ रहा है कि बीजेपी और जेजेपी का समीकरण चौधरी बीरेंद्र सिंह को क्यों नहीं भा रहा है? क्या उनकी पार्टी छोड़ने की नौबत आ गई है? वे बीजेपी छोड़ते हैं तो किस खेमे में अपना भविष्य तलाश रहे हैं?

**रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन**

एक तरह से ये रैली बीरेंद्र सिंह को जन नेता स्थापित करने के लिए की गई। साफ शब्दों में कहा जाए तो रैली के जरिए बीरेंद्र सिंह ने शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश की। वहीं, मंच से बीरेंद्र सिंह ने कहा..."बीजेपी को ये गलतफहमी है कि जेजेपी उन्हें वोट दिलवाएगी लेकिन जेजेपी को अपनी ही वोट नहीं मिलनी, उन्हें क्या दिलवाएगी। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार जेजेपी के नेताओं ने किया है।"

**क्या बीजेपी और बीरेंद्र सिंह के बीच सबकुछ ठीक नहीं है?**

चौधरी बीरेंद्र सिंह ने 42 साल तक कांग्रेस में रहे। 29 अगस्त 2014, को वे कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ही बीजेपी के पहले नेता थे, जिन्होंने किसान आंदोलन का समर्थन किया था। अब, उनके और बीजेपी के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और वजह है पार्टी के साथ जेजेपी का गठबंधन। हाल ही में, बीरेंद्र सिंह के दिए गए कुछ बयान से ये साफ पता चलता है।

**रैली को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा...**

चौधरी बीरेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री "वे केवल "बेरोजगारी, गरीबी, कृषि और शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दों" पर जोर देना चाहते हैं। 1991 में आर्थिक सुधारों की शुरूआत के बाद, हमारी अर्थव्यवस्था में एक बड़ा उछाल देखा गया है। सरकार का कहना है कि हम फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होंगे। लेकिन इन 32 वर्षों के आर्थिक सुधारों में गरीबों और किसानों को उनका हिस्सा नहीं मिला है। क्या इस देश में केवल व्यापारी वर्ग और उद्योगपति ही करोड़ों कमा सकते हैं?"

उन्होंने आगे बताया कि ये कार्यक्रम "राजनीति से ऊपर" है और "वर्तमान में समाज जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उन पर अपने विचार साझा करने के लिए बुद्धिजीवियों और सामाजिक वैज्ञानिकों के लिए एक 'साझा आधार' होगा।

**जेजेपी का विरोध क्यों?**

बीजेपी-जेजेपी का इस समय हरियाणा में गठबंधन हैं। जानकारी के अनुसार, राजनीतिक विवाद की वजह उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र भी है। उचाना बीरेंद्र सिंह का गढ़ है। इस सीट को लेकर लंबे समय से चौटाला और बीरेंद्र सिंह के परिवारों के बीच जुबानी जंग देखने को मिली। दोनों ने इस सीट पर अपने-अपने परिवारों के जीतने का दावा किया था। उचाना कलां हरियाणा के जिंद जिले का एक शहर है। ये विधानसभा क्षेत्र हिसार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यह निर्वाचन क्षेत्र बीरेंद्र सिंह का पारंपरिक गढ़ रहा है, लेकिन 2009 के विधानसभा चुनाव में आईएनएलडी के ओम प्रकाश चौटाला ने बीरेंद्र सिंह को हरा दिया था। 2014 में प्रेम लता ने आईएनएलडी के दुष्यंत चौटाला को हराया। 2019 में दुष्यंत चौटाला ने 2014 में हार का बदला लिया और बीरेंद्र की पत्नी प्रेम लता को हरा दिया।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार बीजेपी-जेजीपी गठबंधन में विधानसभा चुनाव हुए तो उचाना कलां से उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ही चुनाव लड़ेंगे। खुद दुष्यंत चौटाला ने भी इसी सीट से चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है। इधर, बीरेंद्र सिंह के परिवार ने भी इस सीट पर दावा ठोका है। बीरेंद्र सिंह इस सीट पर अपनी पत्नी प्रेमलता को टिकट दिलवाना चाहते हैं।

हिसार लोकसभा क्षेत्रः 2019 के लोकसभा चुनावों में बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने दुष्यंत चौटाला के साथ-साथ कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई को हिसार लोकसभा सीट से हराया था। पिछले साल कुलदीप ने कांग्रेस का हाथ छोड़ बीजेपी का दामन थामा है। कुलदीप बिश्नोई और चौटाला भी हिसार सीट से चुनाव लड़ने की आकांक्षा रखते हैं। वहीं, बीजेंद्र सिंह अपने बेटे के लिए हिसार लोकसभा सीट से टिकट चाहते हैं। ऐसे में इस लोकसभा सीट पर बीजेपी की टेंशन बढ़ने वाली है।

# कॉर्नवालिस की नीतियां चालू हैं, किसान शोषणमुक्त कब होगा ?

**के. विक्रम राव**

यूरोप और अमेरिका में अफ्रीकी अश्वेतों को गुलाम बनाने की प्रथा से भी निकृष्टतम व्यवस्था रही जमींदारी। आजादी के तुरंत बाद राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अधिनियम पर हस्ताक्षर (24 जनवरी 1951) कर इस दो सौ साल पुरानी शोषक कानून खत्म तो कर दिया। पर किसान पूर्णतया मुक्त नहीं हुये। अर्थात बिचौलियों के सारे अधिकार तथा हितों का अंत हो नहीं पाया।

इस क्रांतिकारी जनवादी संघर्ष को याद करते हैं आज, (5 अक्टूबर 2023), क्योंकि उसके रचयिता लॉर्ड चार्ल्स कॉर्नवालिस का 118वां निधन दिवस है। इतिहास में यही गोरा शासक भारतीय किसानों का सबसे नृशंस शोषक रहा। जमींदारी व्यवस्था को लॉर्ड कार्नवालिस के नेतृत्व में 1793 में लाया गया था। यह ह्लस्थायी बंदोबस्त प्रणालीह्व भारत में जमींदारी व्यवस्था की उत्पत्ति मानी जाती है। इस ब्रिटिश गवर्नर जनरल कार्नवालिस की भू-नियमावली से सर्वाधिक क्षति यूपी के किसानों की ही हुई थी। हालांकि सारा भारत इस कानून से त्रस्त रहा था। यूपी का दुर्भाग्य रहा कि यह ब्रिटिश शोषक पूर्वी उत्तर प्रदेश के गंगा तटीय गाजीपुर शहर में दफन हुआ। इंग्लैंड में जन्मा यह फौजी अफसर पूर्वी क्षेत्र के दौरे पर था जब बुखार से ग्रसित हुआ। मर गया। हालांकि शहर का नाम तुगलक शासक गाजी मलिक के नाम पर पड़ा। गुलाब जल और विप्रशिरोमणि महर्षि परशुराम के पिता जमदग्नि की तपोस्थली थी। इसी के पश्चिमी क्षेत्र में इस जमींदारी प्रथा के संस्थापक का शरीर गड़ा हुआ है।

भारत जैसे प्राचीन और परंपरागत देश में भू संबंधी ऐसी अन्यायपूर्ण नियमावली रची गई एक ब्रिटिश साम्राज्यवादी द्वारा। देश उसे करीब दो सदियों तक भुगतता रहा। कृषकों का लहू चुसता रहा। देसी रजवाड़ों, सामंतो, जमींदारों और भू स्वामियों द्वारा। धर्म-प्रधान भारत के प्राचीन दर्शन के अनुसार भूमि सार्वजनिक संपत्ति रही।

धरती भी वायु, जल एवं प्रकाश की तरह प्रकृतिदत्त उपहार मानी जाती थी। महर्षि जैमिनि के मतानुसार "राजा भूमि का समर्पण नहीं कर सकता था, यह उसकी संपत्ति नहीं, वरन् मानव समाज की सम्मिलित संपत्ति है। इसलिये इस पर सबका समान रूप से अधिकार है"। मनु का भी कथन है : "ऋषियों के मतानुसार भूमिस्वामित्व का प्रथम अधिकार उसे है जिसने जंगल काटकर उसे साफ किया था जोता (मनुस्मृति, 8.237-239)ह्व भूमिव्यस्था के संबंध में याज्ञवल्क्य के मतानुसार चार वर्ग (महीपति, क्षेत्रस्वामी, कृषक और शिकमी) थे (याज्ञवल्क्य 2.158)। आचार्य बृहस्पति ने क्षेत्रस्वामी के स्थान में केवल स्वामी शब्द का ही प्रयोग किया है परंतु इसका स्पष्टीकरण कर दिया है कि स्वामी, राजा और खेतिहर के मध्य का वर्ग था। उपर्युक्त वर्णन केवल भूधृति के वर्गीकरण को इंगित करता है, न कि कृषक को जिसने एक आंग्ल दास के स्तर पर पहुँचा दिया था। हालांकि मुगल हिंदू प्रजा की भू स्वामित्व पर लगान लगाकर राजकोष भरते रहे। राजा टोडरमल ने इसे संयमित किया। अंग्रेजों के आगमनकाल से ही जमींदारी प्रथा का उदय होने लगा। अंग्रेज शासकों का विश्वास था कि वे भूमि के स्वामी हैं और कृषक उनकी प्रजा हैं इसलिये उन्होंने स्थायी तथा अस्थायी बंदोबस्त बड़े कृषकों तथा राजाओं और जमींदारों से किए। मद्रास में जमींदारी प्रथा का उदय अंग्रेज शासकों की नीलाम नीति द्वारा हुआ। गाँवों की भूमि का विभाजन कर उन्हें नीलाम कर दिया जाता था और अधिकतम मूल्य देनेवाले को विक्रय कर दिया जाता था। प्रारंभ में अवध में बंदोबस्त कृषक से ही किया गया था परंतु तदनंतर राजनीतिक कारणों से यह बंदोबस्त जमींदारों से किया गया। महात्मा गांधी की प्रेरणा से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने किसान सभा की स्थापना कर, उन अन्नदाताओं की आवाज देने का प्रयास किया था। इसके प्रथम चरण में (सन् 1859 ई0 से 1929 ई0 तक) कानून बने उनसे जमींदारों के लगान बढ़ाने के अधिकारों पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए।

# अपने ही 'बोझ' तले तो नहीं दबने जा रही हैं वसुंधरा राजे

वसुंधरा राजे की छवि ऐसे नेता की बन चुकी है जो मौजूदा बीजेपी नेतृत्व को सीधे चैलेंज करता है। 2014 के बाद से मोदी-शाह की जोड़ी वैसे ही ताकतवर नेतृत्व बन कर उभरी है, जैसे किसी दौर में इंदिरा गांधी संगठन और सत्ता पर एक बराबर काबिज हुआ करती थीं।

वसुंधरा राजे पुराने दौर की बीजेपी की शायद अकेली नेता होंगी जो अब भी अपनी जिद पर कायम हैं। वरना, बीजेपी नेताओं का हाल तो सब देख ही रहे हैं। लोकतंत्र के नाम पर बीजेपी में सिर्फ फैसले सुना दिये जाते हैं। किसी को कोई जिम्मेदारी देने से पहले उनसे कुछ पूछा नहीं जाता। बस बता दिया जाता है। मध्य प्रदेश को लेकर बीजेपी उम्मीदवारों की जो सूची जारी हुई है, उसमें और अफसरों के ट्रांसफर के किसी सरकारी सूची में क्या फर्क है। अचानक सूची के सामने आने पर सांसदों की कौन कहे, मंत्रियों तक को मालूम होता है कि उनका उनके होमटाउन में ट्रांसफर कर दिया गया है।

ले देकर कैलाश विजयवर्गीय अकेले नेता रहे जो सरेआम दिल की बात जबान पर ला पाये। साफ बता दिये कि बड़े नेता बन जाने के बाद कौन सोचता है कि ये सब भी करना पड़ेगा। घूम घूम कर लोगों के सामने हाथ जोड़ना पड़ेगा। लेकिन इससे ज्यादा उनके हाथ में कुछ है भी नहीं। लिहाजा, वो भी मान लिये कि क्या किया जा सकता है - पार्टी का हुक्म है, हुक्म की तामील तो करनी ही होगी।

राजस्थान को लेकर भी मोदी-शाह दरबार से मध्य प्रदेश जैसा ही फरमान आने वाला है, लेकिन उसमें एक ही अपवाद होगा और वो हैं - वसुंधरा राजे।



आलाकमान से दो-दो हाथ के लिए हरदम तैयार रहती हैं वसुंधरा राजे।

**वसुंधरा की ताकत बनी मुसीबत**

2019 में वसुंधरा राजे को बीजेपी नेतृत्व ने पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया था। मतलब, बीजेपी ने एक सर्कुलर निकाल कर वसुंधरा राजे को दिल्ली अटैच कर दिया था, लेकिन वो ऐसे कागजों की परवाह कहां करने वाली।

चुनाव हारने के बाद मुख्यमंत्री आवास तो छूटना ही था, लेकिन धौलपुर पैलेस भला कौन ले सकता है। पुरखों की विरासत है। वो भी राजघराने की विरासत - उसके आगे दिल्ली के बंगले भी फेल। वाजपेयी सरकार में वसुंधरा राजे मंत्री रह चुकी थीं, लेकिन मोदी सरकार में ये सब उनको कतई मंजूर न था।

पांच साल होने जा रहे हैं, लेकिन वसुंधरा टस से मस नहीं हुईं। जयपुर से दिल्ली शिफ्ट होने को कतई राजी नहीं हुईं - और अब एक बार जब राजस्थान में फिर से चुनाव होने जा रहे हैं वसुंधरा राजे ठान कर बैठी हैं कि बीजेपी की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री तो वही बनेंगी।

वसुंधरा राजे की ताकत ही अब उनकी मुसीबत बन गई है। असल में राजनीति में भी उन्होंने वसुंधरा घराना बना रखा है। बीजेपी नेतृत्व उस घराने को फूटी आंख नहीं देखना चाहता। ऐसा भी नहीं कि वसुंधरा घराने की ही हर तरफ तूती बोलती हो, लेकिन कुछ क्षेत्रों में दबदबा तो है ही।

वसुंधरा राजे उसी दबदबे की राजनीति कर रही हैं। जब तक मुख्यमंत्री रहीं, उनकी मर्जी के बगैर पत्ता नहीं हिलता था। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी राज्य में नया अध्यक्ष नियुक्त करना चाहती थी। बीजेपी नेतृत्व जिसे जिम्मेदारी देना चाहता था, वो चेहरा वसुंधरा को नहीं पसंद था। नियुक्ति नहीं हुई। राजस्थान बीजेपी को नया अध्यक्ष तभी मिला जब चुनाव हार जाने के बाद वसुंधरा का असर थोड़ा कम हुआ।

**राजनीति भी रजवाड़े वाली स्टाइल में**

संभव है वसुंधरा राजे को उनकी लोकप्रियता राजसी अहसास दिलाता हो। ये तो है कि राजस्थान बीजेपी में उनकी टक्कर का कोई और नेता नहीं है। मोदी-शाह और उनकी टीम वसुंधरा को साइडलाइन करने की बार बार कोशिश करती है, लेकिन वो लगातार बाउंसबैक कर लेती हैं।

2006 में राजस्थान की मुख्यमंत्री रहते वो रैंप पर कैटवॉक भी कर चुकी हैं। तब बांग्लादेश के एक फैशन डिजायनर ने जयपुर में शो किया था। खादी वस्त्रों के प्रमोशन के लिए आयोजित शो में लाल साड़ी पहन कर वसुंधरा राजे जाने माने मॉडल राहुल देव के साथ रैंप पर नजर आयी थीं।

70 साल की उम्र हो जाने के बाद भी राजस्थान में वो ऐसी नेता हैं जो अकेले दम पर भीड़ बटोर सकती हैं। जाहिर है जो इतना दमखम रखता हो, गुरूर तो होगा ही। उपलब्धियों पर गुरूर होना स्वाभाविक है, लेकिन कई बार ये बहुत भारी भी पड़ता है - और वसुंधरा के साथ आज जो कुछ भी हो रहा है, उसी का नतीजा है.।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी वसुंधरा राजे का गहरा रिश्ता रहा है। लेकिन कुछ मौके ऐसे भी आये हैं जब वहां भी टकराव की नौबत आ चुकी है। वैसे मोदी-शाह से टकराने की ताकत उनको अपनी लोकप्रियता के अलावा आरएसएस से ही मिलती है।

राजस्थान में भी संघ की जड़ें गहरी है, और वसुंधरा का वहां भी अच्छा खासा प्रभाव है। कर्नाटक की हार के बाद संघ के मुखपत्र में कहा गया था कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगे करके चुनाव नहीं जीता जा सकता - जीत के लिए क्षेत्रीय क्षत्रप बेहद जरूरी हैं।

राजस्थान के मामले में वसुंधरा राजे ने इसे अपने लिए प्रशस्ति पत्र मान लिया, और फिर से भिड़ गयीं। जिन समर्थकों के बूते वसुंधरा राजे राजस्थान में राजनीति करती हैं, आने वाले चुनाव में फिर से टिकट दिलाने की जिम्मेदारी है। टिकट मिल जाने के बाद हार जीत तो कुछ उनकी वजह से, और कुछ पार्टी के वोट बैंक के चलते होगी। लेकिन टिकट ही नहीं मिला तो कुछ नहीं होने वाला.।

**वसुंधरा के लिए कैप्टन अमरिंदर सिंह नजीर हैं**

पंजाब में वसुंधरा राजे की तरह पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह की भी राजनीति चलती रही। कांग्रेस में रहते वो भी वसुंधरा राजे की ही तरह ताल ठोक कर राजनीति करते रहे। ये भी संयोग ही है कि जैसे वसुंधरा राजे धौलपुर पैलेस से राजनीति में आयी हैं, और कैप्टन अमरिंदर सिंह पटियाला स्टेट से।

वसुंधरा राजे और कैप्टन अमरिंदर सिंह की पॉलिटिकल स्टाइल के किस्से भी एक जैसे ही सुनने को मिलते रहे हैं। सरकारी ऑफिस टाइम खत्म होते ही दोनों नेताओं के बारे में कहा जाता रहा है कि राजसी ठाठ हावी हो जाता रहा। जब 2017 में चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने अमरिंदर सिंह का कैंपेन संभाला तो कैप्टन विद कॉफी कार्यक्रम इसीलिए रखा ताकि डिस्कनेक्ट का जो माहौल बना हुआ है, उसकी दीवारें तोड़ी जा सकें।

लंबे अर्से तक कैप्टन भी उसी तेवर के साथ राजनीति करते रहे जैसे वसुंधरा राजे प्रैक्टिस करती हैं - कहीं ऐसा तो नहीं कि वसुंधरा राजे का भी कैप्टन का ही हाल होने वाला है?

# भाजपा में चल रही है बदलाव की बयार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कभी चाल, चरित्र व चेहरा की बात करने वाली भाजपा में अब बड़े बदलाव की बयार चल रही है। इन दिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई भाजपा बन रही है। पार्टी के सभी पुराने छत्रपों को एक-एक कर किनारे लगाया जा रहा है। प्रदेशों में भाजपा के बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर कर घर बैठा दिया गया है। जो थोड़े बहुत पुराने नेता अभी सक्रिय है उनको भी अगले लोकसभा चुनाव तक राजनीति से आउट कर दिया जाएगा।

2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। तब पार्टी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग नेताओं का दबदबा कायम था। लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुषमा स्वराज जैसे बड़े नेताओं की पार्टी में तूती बोलती थी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर किया गया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में पुराने नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को आगे लाया गया था। कई प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भी वर्षों से जमे वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर नए लोगों को मुख्यमंत्री बनाया गया। अब ऐसा लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा पूरी तरह से बदल जाएगी। पार्टी नेतृत्व में ऐसे लोगों की बहुलता होगी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते हैं।

कभी भाजपा में संगठन का बहुत महत्व होता था। संगठन से जुड़े लोगों को ही राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलता था। मगर अब स्थिति उसके एकदम उलट हो गई है। आज पार्टी में संगठन का महत्व पहले की तुलना में कम हो गया है। भाजपा का अब एक ही ध्येय रह गया है की जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतार जाए। दूसरे दलों से आने वालों को पार्टी में महत्व मिल रहा है। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं।

देश के पूर्वोत्तर में स्थित असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के पदों पर पार्टी ने दूसरे दलों से आए नेताओं को बैठा रखा है। हालांकि राजनीति के बदलते दौर में सभी दलों की यही स्थिति है। मगर भाजपा में ऐसा खेल कुछ ज्यादा ही चल रहा है। पंजाब में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुनील कुमार जाखड़ को तुरंत ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। वही झारखंड में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बना दिया गया है। हालांकि बाबूलाल मरांडी मूलतः भाजपा से ही जुड़े रहे थे। मगर पिछले कई वर्षों से वह भाजपा विरोध की राजनीति करते थे। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है। पहले कांग्रेस फिर तृणमूल कांग्रेस की राजनीति करने वाले शुभेंदु अधिकारी वहां पार्टी के मुख्य चेहरे व विधायक दल के नेता है।

कर्नाटक में भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल एस की राजनीतिक कर चुके बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था। जिनके शासन में वहां भ्रष्टाचार के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कर्नाटक में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार सहित कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे थे। जिससे नाराज होकर कई नेताओं ने पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा। फलस्वरुप भाजपा को वहां अपनी सरकार तो गवानी ही पड़ी साथ ही पार्टी विधानसभा में 66 सीटों पर सिमट कर रह गई। कर्नाटक में पहले बीएस येदयुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार चल रही थी। मगर उन्हें हटाकर दूसरे दल से आए बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाने का खामियाजा भाजपा को सत्ता गवां कर चुकाना पड़ा। आज कर्नाटक में भाजपा हासिये पर पहुंच गई है।

इसी तरह महाराष्ट्र में शिवसेना को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने जो हथकंडे अपनाये हैं उसका खामियाजा उन्हें आगे आने वाले चुनाव में उठाना पड़ेगा। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़कर भाजपा ने सरकार तो बना ली मगर वहां मुख्यमंत्री शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को बनाकर अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तगड़ा झटका दिया है। फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने उनका कद कम कर दिया है। रही सही कसर वहां अजीत पवार को भी गठबंधन में शामिल करने से पूरी हो गई है। भाजपा के जो विधायक मंत्री बनने का सपना देख रहे थे। गठबंधन बनने से अब उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा कर्नाटक की तरह महाराष्ट्र में भी बहुत कमजोर हो जाएगी। कांग्रेस से भाजपा में आए असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा अपनी आक्रामक शैली को लेकर भाजपा नेताओं के बहुत प्रिय हो रहे हैं। मगर जिस तरह से वह भाजपा का कांग्रेसीकरण कर रहे हैं। उससे असम भाजपा के पुराने नेताओं में गहरी नाराजगी व्याप्त हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन ने नगांव लोकसभा क्षेत्र के परिसीमन के विरोध में असम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसका उन्होंने चार बार प्रतिनिधित्व किया है। असम भाजपा में पुराने नेताओं और हाल ही में दूसरी राजनीतिक पार्टियों से शामिल हुए नेताओं के बीच खींचतान तेज हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन, असम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, पूर्व विधायक अशोक सरमा, मोरीगांव के विधायक रमाकांत देवरी ने भाजपा छोड़ने की धमकी दी है। राज्य में पार्टी के नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच मतभेद के कारण असम भाजपा एक गंभीर संकट का सामना कर रही है।

# वो क्लर्क अंग्रेज जो भारत को लूटकर यूरोप का सबसे अमीर इंसान बन गया

उम्र महज 18 साल। क्लर्क के रूप में ब्रिटेन से एक नौजवान भारत आया। मद्रास बंदरगाह पर ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ नौकरी शुरू की। फिर अपने कौशल से सेना में दाखिल हुआ और दो बार बंगाल प्रांत का गवर्नर बना।


फ्रांस से लड़ा, मुगलों से लड़ा, राजाओं से लड़ा और सबको काबू में करके अंग्रेज शासन में सबसे बड़े पद पर पहुंचा। नाम था रॉबर्ट क्लाइव।

कहते हैं कि भारत को लूटने में सबसे बड़ा योगदान इसी का रहा। जो भी लूट-खसोट करता ब्रिटिश सरकार के खजाने में भी जमा करता और अपना खजाना भी भरता गया। देखते ही देखते वह यूरोप का सबसे अमीर आदमी बन गया। उस पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे। जांच भी हुई। इतना ताकतवर व्यक्ति महज 49 साल की उम्र में दुनिया से अलविदा कह गया।

**लापरवाह स्टूडेंट जो स्कूल से निकाला गया**

29 सितंबर, 1725 को रॉबर्ट क्लाइव का जन्म हुआ। वह पढ़ने में शुरू से लापरवाह था लेकिन बुद्धि कुशाग्र रही। खेलों में उसकी रुचि ज्यादा थी। कई बार स्कूल से निकाल दिया गया। जब समझ बढ़ी तो उसने शरारतें कम कीं और पढ़ाई में भी सुधार आया। शिक्षा पूरी करने के बाद 1743 में उसने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में क्लर्क की नौकरी शुरू की। उसे मद्रास बंदरगाह पर तैनात किया गया।

चार साल बाद उसे सशस्त्र सेनाओं में कमीशन मिल गया और वह सैन्य अफसर बन गया। धीरे-धीरे उसकी नेतृत्व क्षमता निखर कर सामने आने लगी। ब्रिटिश अफसर उस पर भरोसा करने लगे। शुरू में उसने फ्रांसीसी सैनिकों के साथ लड़ाई की और उन्हें परास्त भी किया। महज कुछ सालों में लगातार जीत हासिल करते हुए क्लाइव का उत्साह इतना बढ़ चुका था कि उसने साल 1757 में 50 हजार सैनिकों वाली सेना के सामने सिर्फ 32 सौ सैनिकों के साथ युद्ध में शामिल हुआ। इस लड़ाई को प्लासी युद्ध के नाम से जानते हैं।



यह उसके जीवन में बड़ा मोड़ साबित हुआ क्योंकि ब्रिटेन ने बंगाल पर अपना आधिपत्य इसी युद्ध के बाद जमाया। देखते ही देखते वह ब्रिटिश हुकूमत का करीबी होता गया। भारत में अंग्रेजी सत्ता को मजबूती देने में उसका नाम हमेशा से आगे रहा।

**समझौते के बाद जीती लड़ाई**

पलासी युद्ध में सिराजुदौला अपने सेनापति मीर जाफर की वजह से हार का सामना करना पड़ा। बाद में अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया। यह लड़ाई क्लाइव ने मीरजाफर से युद्ध में जाने से पूर्व किए गए एक समझौते के बाद जीती थी। युद्ध में मीर जाफर को अंग्रेजों की मदद करना था और उसके बदले उसे बंगाल की नवाबी मिलनी थी, जो बाद में मिली भी। अंग्रेज एक साथ दो फ्रंट पर जीते, प्लासी की लड़ाई भी और बंगाल पर राज करने का अधिकार भी क्योंकि मीर जाफर तो सिर्फ नाम का नवाब था। असली हुकूमत अंग्रेजों के हाथ में थी। इसीलिए भारत में जब गद्दारी में कोई नाम लिया जाता है तो मीर जाफर की भूमिका अग्रणी बताई जाती है। अनेक युद्ध को जीतने के बाद उसके सामने ईस्ट इंडिया कंपनी के अंदर से भ्रष्टाचार और अराजकता को खत्म करने की चुनौती थी। वह काफी हद तक कामयाब भी हुआ। उसे क्लाइव ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता था। वारेन हेस्टिंग्स के साथ मिलकर उसने राजनीतिक वर्चस्व भी हासिल करने में बड़ी भूमिका अदा की। एक सैन्य अफसर के रूप में करियर शुरू करने वाला क्लाइव मेजर जनरल के रूप में ब्रिटिश भारत के कमांडर इन चीफ के पद तक पहुंचा। इस दौरान क्लाइव ने करीब डेढ़ दर्जन युद्धों में हिस्सा लिया। नेतृत्व किया। उसके सैन्य और राजनीतिक कौशल को देखते हुए ब्रिटिश हुकूमत ने उसे बंगाल का गवर्नर बनाया।

**कितना माल लूटकर ब्रिटिश खजाना भरा?**

एक बार रॉबर्ट के किसी सीनियर ने पूछा कि भारत से कितना माल लूटकर ब्रिटिश सरकार का खजाना भरा। उसका जवाब था कि इतना तो बिल्कुल नहीं याद है कि लूट कितनी बार, कहां से और कुल कितनी की लेकिन एक आकलन कर सकता हूं। जहाज में एक बार में 70 हजार किलो माल आता है और मैंने नौ सौ जहाज भरकर सोना-चांदी और अन्य मंहगी वस्तुओं को लूटकर ब्रिटेन को दिया है। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत को सोने की चिड़िया क्यों कहा जाता था?साल 1760 में वह वापस इंग्लैंड चला गया और फिर उसे साल 1764 में गवर्नर बनाकर भेजा गया। फिर क्लाइव ने लूटपाट के रास्ते पर चलते हुए खजाना भरता गया और ब्रिटिश शासन की नींव मजबूत करता गया। इतिहास पढ़ने पर पता चलता है कि अंग्रेज प्रत्यक्ष लूट कम ही करते थे। वे छोटे-छोटे राजाओं, नवाबों में फूट डालते फिर जिसे सपोर्ट करते उससे लाखों रुपए ले लेते। और यह सिलसिला अनवरत चला।

# छात्र-छात्राओं को बताये यातायात नियम किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात एसपी सोनकर की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने अशोक पब्लिक स्कूल खोह में प्रदेश में बढ़ रहे हादसों की रोकथाम को यातायात जागरूकता गोष्ठी की।

गुरुवार को गोष्ठी में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर पालन को बताया। कहा कि परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने को बतायें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चलें। सावधानी से वाहन चलाए। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य डा कुसुम तिवारी, टीएसआई शैलेन्द्र कुमार सिंह व शिक्षक तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं। छात्रों को जागरूक करते टीएसआई।

# विधायक के प्रयास से सरधुआ में बनेगा विद्युत टावर बाढ में अब अंधेरे में नहीं रहेंगे ग्रामीण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान के प्रयास से 75 साल बाद तिरहार क्षेत्र में बारिश दौरान एक माह तक क्षेत्रवासी अंधेरे का दंश झेल रहे थे। दर्जनों गांव के लोग अंधेरे में रहते थे। सरकार को कई बार सदन की कार्यवाही एवं पत्राचार से बताया कि महुआ व सरधुआ के बीच विद्युत टावर बनाने से अंधेरे से निजात मिल सकती है।

गुरुवार को सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने 16 नवम्बर 2022 को पत्र लिखा था। पत्र में सूबे के मुख्यमंत्री से कहा था कि सरधुआ व महुआ गांव के बीच बाढ दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। सैकडों गांव प्रभावित होते हैं। विद्युत आपूर्ति बहाली को विद्युत टावर लगाया जाना आवश्यक है, ताकि विद्युत आपूर्ति समस्या का निदान हो सके। उन्होंने मांग किया था कि सरधुआ व महुआ तिरहार क्षेत्र में बाढ दौरान विद्युत आपूर्ति बहाल करने को टावर लगाया जाये।

विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता बृजेश कुमार ने विधायक अनिल प्रधान को लिखे पत्र में बताया कि 33 केवी सरधुआ लाइन 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सरधुआ एवं भदेहदू खोपा में पोषित है। इसके लिए एक करोड की धनराशि मंजूर हो गई है। बाढ में प्रभावित होने से सीटाइप टावर एवं फोर पोल स्ट्रक्चर पर स्थांतरित कार्य प्रस्तावित है। इस कार्य को कराने को विद्युत माध्यमिक कार्य मंडल बांदा से निविदा संबंधी कार्यवाही जारी है।

# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन आप ने की निन्दा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में विधानसभा अध्यक्ष मानिकपुर अविनाश चंद्र त्रिपाठी ने जिला मुख्यालय से कर्वी कचहरी-ट्राफिक चैराहा होते हुए पटेल तिराहा तक प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के घर पर ईडी छापे एवं गिरफ्तारी के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार को भाजपा आनुषांगिक संगठन बन चुके ईडी ने सांसद संजय सिंह की आवाज दबाने को छापा डाला, उनकी गिरफ्तारी हुई। आप टीम ने गिरफ्तारी की घोर निंदा की। जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला ने कहा कि जब मोदी सरकार आम आदमी पार्टी से डरती है, ईडी व सीबीआई के छापे आम आदमी पार्टी नेताओं पर डलवाती है।

इस मौके पर राजबहादुर साहू, जितेन्द्र गोयल, श्याम बाबू त्रिपाठी, लवलेश केसरवानी, डॉ रमाकांत गुप्ता, नर्वदा प्रसाद यादव, योगेन्द्र रैकवार, रामनाथ, अमृत लाल, संजय कुमार, राम मिलन निषाद, आलोक कुमार सिंह, शिवप्रकाश सिंह, सुशील यादव, नरेंद्र खरे, बबलू सोनी, अभिषेक सिंह, सुरेश पटेल, संतोष सिंह, पवन कुमार, बच्चाराम बौद्ध, दिनेश सिंह, प्रमोद सोनी, दिलीप सिंह, लवदीप सिंह, धनराज सिंह, चन्द्र भाल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# तमंचा लहराने वाला गिरफ्तार




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में पुलिस ने अवैध तमंचा लहराने वाले को तमंचा व कारतूस समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि तीन अक्टूबर को महुआ गांव के बैजनाथ पाल पुत्र प्रभुदयाल पाल ने थाने में सूचना दी कि सत्येन्द्र कुमार उपाध्याय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय निवासी महुवा ने घर बनाने के विवाद को लेकर तमंचा लहराते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। इस दौरान परिजन भी साथ में थे। सूचा पर पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा बल्देव सिंह को आरोपी को पकडे की जिम्मेदारी सौंपी। दरोगा बल्देव सिंह ने मुखबिर की सूचना पर राजापुर स्थित बाजपेयी तिराहा से सत्येन्द्र कुमार उपाध्याय को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। तमंचा व कारतूस बरामदगी की बाबत थाने में मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा बल्देव सिंह व दीवान मुकेश कुमार शामिल रहे।

# खोदी सडकों को घटिया सामग्री से बना रहे जिम्मेदार सपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने डीएम को लिखा पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन के तहत गांवो में पानी की पाइप लाइन डालने को खोदी जा रही सीसी व इंटर लाकिंग सडको की मरम्मत के नाम पर घटिया सामग्री का प्रयोग एवं मानकविहिन सड़क बनाई जा रही है। गुरुवार को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि हर घर जल योजना से एलएनटी कम्पनी ने गांवों में वर्षों पुरानी सीसी व इंटरलाकिंग सडको को खोदकर पाइपलाइन डालने का काम किया है। पाइप डालने के बाद सड़कों की मरम्मत के नाम पर निर्धारित मानक अनुसार सामग्री का प्रयोग नही किया जा रहा। न ही सोलिंग डाली जा रही और न मानक के अनुसार बालू का प्रयोग किया जा रहा है। विभाग केवल खानापूरी करके सड़को को ढक रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि कार्य की उच्चस्तरीय टीम बनाकर जांच कराई जाये, ताकि शासन के धन के हो रहे दुरूपयोग को रोका जाये। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

# लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता ने बनाई अकूत सम्पति क्षेत्र के ग्रामीणों से करता है अभद्र बर्ताव कहता है क्षेत्र से लद गया हूं



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर में तैनात लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता का भ्रष्टाचार इन दिनों सिर चढकर बोल रहा है। योगी सरकार में लेखपाल पचास से 60 हजार रुपये लेकर लोगों को क्षेत्र की बंजर जमीनों पर कब्जा करा रहा है। लेखपाल की कर्वी में आलीशान हवेली बन रही है। गुरुवार को लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। मानिकपुर क्षेत्र के कुसमुही गांव के चन्दा पुत्र भदइयां ने बताया कि उसकी हदबंदी की फाइल पडी है। जमीन नापने को लेखपाल गुप्ता ने उससे कई वायदे किये। न आने पर उसने फोन लगाया तो लेखपाल ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर जमीन नापने से मना कर दिया। मृतक आश्रित पद पर कार्यरत लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता मानिकपुर क्षेत्र में लम्बे समय से कार्यरत है। क्षेत्र की गरीब भोली-भाली जनता से अभद्र बर्ताव करना उसकी फितरत में शामिल है। क्षेत्र में अकूत पैसा कमाने से उसकी हरकतें बढ गई हैं। क्षेत्र के मारकुण्डी के शारदा ने बताया कि उसकी ससुराल टिकरिया में है। लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता पचास से 60 हजार रुपये लेकर लोगों को बंजर जमीनों पर कब्जा करा रहा है। लेखपाल की हरकतों पर अंकुश न लगा तो क्षेत्र में हत्याओं का सिलसिला शुरू हो जाये तो लोगों को ताज्जुब नहीं होना चाहिए। लोगों ने मांग किया कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता को जिला मुख्यालय भेजा जाये, ताकि इसकी लूट में अंकुश लग सके। ये लोगों से कहता है कि वह क्षेत्र से लद गया है। चाहे जिस अधिकारी से शिकायत करो उसका कुछ नहीं बिगडने वाला। लेखपाल की हरकतों के वीडियो क्लिप भी मौजूद है, जिसमें वह लोगों से अभद्र बर्ताव कर रहा है। इस बारे में लेखपाल से बात करने का प्रयास किया, उन्होंने फोन नहीं उठाया। नोट- ये खबर आवश्यक है।

# रामघाट में करें चारपहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर बृजेन्द्र शुक्ला ने नगर पालिका अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि वार्ड 11 रामघाट क्षेत्र में चारपहिया वाहन का प्रवेश वर्जित किया जाये।

गुरुवार को नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर बृजेन्द्र शुक्ला ने नगर पालिका अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि वार्ड 11 रामघाट में प्रतिदिन हजारों तीर्थयात्री आते हैं। ऐसे में रामघाट में चारपहिया वाहनों के खडे होने से मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर आने-जाने में श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है। वाहनों से रामघाट में अव्यवस्था फैलती है। उन्होंने पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता से श्रद्धालुओं की समस्या के निदान को रामघाट में चारपहिया वाहन का प्रवेश वर्जित कराने की मांग की है।

# केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जाने भाजपाइयों के हाल




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केन्द्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विभाग/उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय साध्वी निरंजन ज्योति के आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने जिले की सीमा पर गर्मजोशी से स्वागत किया। गुरुवार को लोनिवि डाक बंगले में केन्द्रीय मंत्री ने पदाधिकारियों से भेटकर हाल जाने। कार्यकर्ताओ से भेंट के बाद मंत्री ने भगवान कामदनाथ का पूजन-अर्चन कर साधु-संतो से आशीर्वाद लिया। खासतौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, रजंना उपाध्याय, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, चेयरमैन कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, तीरथ तिवारी, आलोक पांडे, अश्वनी अवस्थी, संजय पांडे, राजेश्वरी द्विवेदी, सुरेश अनुरागी, शिवाकान्त पांडे, अभिषेक ओझा, जितेन्द्र शुक्ला, दिब्या त्रिपाठी, राखी चैबे, बिनीता द्विवेदी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, लवलेश निषाद, आदित्य सिंह, दीपू चैबे मौजूद रहे।




# शिक्षा के अर्धनिर्मित मन्दिरों को करायें पूरा लापरवाही-उदासीनता का खेल



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर में दशकों से अर्धनिर्मित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अधूरा बना पडा है। ये भ्रष्टाचार व संवेदनहीनता का जीवंत उदाहरण है। ज्ञात है कि इस बालिका विद्यालय के बनने से मानिकपुर व आसपास के गरीब घरों की लड़कियां पढ़ने आती, इस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा। मौजूदा सयम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जहां चल रहा है, वहां की हालत दयनीय है। एक कमरे में दो-दो सौ लड़कियों के बैठने की व्यवस्था है। मौजूदा इमारत बेहद जर्जर है, पढ़ाई का माहौल नहीं है। सवाल है कि क्षेत्र के जागरूक लोग कहां हैं, जनप्रतिनिधि कहां हैं। महिला आरक्षण बिल तो पास हो गया, लेकिन तुलसी तीर्थ राजापुर में भी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की इमारत के ऐसे ही हाल हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग लाचार व बेबस होकर दशकों से सिर्फ फाइलें ही दौड़ा रहा है। स्थानीय नेताओं व जनप्रतिनिधियों में साहस नहीं है कि यहां आने वाले मंत्रियों से समस्या बतायें। कुछ लोगों की आंखों का पानी जिंदा होगा तो वे इस दिशा में प्रयास करेंगे। मानिकपुर-राजापुर में लड़कियों की पढ़ाई को शिक्षा के इन अर्धनिर्मित मंदिरों का निर्माण पूरा कराने की पहल करें।

# एसपी के निर्देश पर नौ पर मिनी गुण्डा एक्ट



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले मणिशंकर पुत्र सुंदर, सत्तू पुत्र सुंदर, नन्हाई पुत्र शंकर, हीरालाल पुत्र रामकृपाल, गोरेलाल पुत्र हीरालाल, कल्लू पुत्र हीरालाल, शंकर पुत्र सुंदरलाल, मुन्ना उर्फ साधु पुत्र रामलखन व लालू पुत्र शंकर निवासी रेडी भुसैली थाना मऊ के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# बुंदेली सेना ने लोकसभा के पहले सीएम से की मांग




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पिछले कई वर्षो से बेड़ीपुलिया में बस स्टैण्ड की इमारत लोगों को मुंह चिढा रही है। डिपो की स्थापना नहीं हो पाई। शासन ने जमीन खरीदने से लेकर डिपो इमारत बनाने में 20 करोड़ से अधिक खर्च किये हैं। डिपो की आस में धर्मनगरी के लोग आस लगाए बैठे हैं। सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बुंदेली सेना ने लोकसभा चुनाव से पहले जनता को डिपो की बड़ी सौगात देने की मांग की है।

गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी-भरकम आवक के मद्देनजर डिपो की सख्त जरूरत है। शासन ने बसअड्डा व डिपो स्थापना को काश्तकारी जमीन खरीदी थी। दो मंजिला भव्य भवन बना हुआ है। इस इमारत में एआरएम आफिस से लेकर बाबू व स्टाफ के कमरों के अतिरिक्त यात्रियों के लिए सुविधायुक्त हाल व दुकाने हैं। पिछले कुछ वर्षो से यहां बसों की इंट्री होती है। प्रयागराज व बांदा डिपो से आने वाली बसें इमारत का चक्कर लगाकर लौट जाती हैं। पिछले वर्ष लगा कि डिपो शुरू हो जाएगा। कार्यशाला के दस कर्मचारी यहां एक महीने ड्यूटी कर लौट गए। पेट्रोल पम्प बनाने को मशीने धूल फांक रही हैं। वर्कशाप निर्माण में अनुमानित 3-4 करोड़ की जरूरत है। ये धनराशि अवमुक्त हो जाये तो चित्रकूट डिपो स्थापित हो जायेगा। बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मांग की है कि जनहित में लोकसभा चुनाव के पहले डिपो की सौगात मिलनी चाहिए। डिपो बनने से यूपी के विभिन्न महानगरों के अलावा मप्र, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात जैसे प्रदेशों से चित्रकूट का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। सौ नई बसों का बेड़ा देने के साथ धर्मनगरी के डिपो में एसी वाल्बो बसें भी उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि अयोध्या, बनारस, दिल्ली व लखनऊ से आने वाले श्रद्धालु राहत महसूस कर सकें। बस स्टैण्ड की इमारत।

# चोरी के ट्रक की मिली बीमा धनराशि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ट्रक चोरी मामले में उपभोक्ता संरक्षण के अध्यक्ष रामसुचित, सदस्य सुभाषचन्द्र सिंह, अंजू सिंह चैहान ने विकास गुप्ता पुत्र रामबाबू गुप्ता निवासी बस स्टैण्ड के पास कर्वी के मामले में परिवाद मंजूर कर विपक्षी बीमा कम्पनी को आदेश दिया कि आदेश की तिथि से एक माह के अन्दर वाहन की इंस्योर्ड कीमत 25,65000 का भुगतान करें। वाद के अतिरिक्त बीमा कम्पनी परिवादी को मानसिक क्षतिपूर्ति के रुप में पांच हजार रुपये एवं वाद व्यय पांच हजार रुपये अदा करे। भुगतान प्राप्त होने पर परिवादी वाहन संबंधी विपक्षी बीमा कम्पनी को हस्तांतरित करें।

गुरुवार को परिवादी विकास गुप्ता पुत्र रामबाबू गुप्ता निवासी बस स्टैण्ड कर्वी ने यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंस्योरेंस कम्पनी जोनल मैनेजर लखनऊ के खिलाफ परिवाद दायर किया था। कहा कि भरतकूप गिट्टी लेने ट्रक 14-15 जनवरी 2019 को गया था। ट्रक चोरी हो जाने पर 20 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ट्रक यूपी 96टी-2223 का बीमा सोम्पो जनरल इंस्योरेंस से कराया था। बीमा दावा देने में कम्पनी आनाकानी करती रही।

नतीजतन उपभोक्ता फोरम में परिवाद लाया गया। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष रामसुचित ने निर्णय दिया कि एक माह के अन्दर 25,65000 का भुगतान किया जाये। भुगतान की अदायगी सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से किया जाये।

## ‘वे बेहद बुद्धिमान व्यक्ति हैं’, व्लादिमीर पुतिन ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बौद्धिक कुशलता के दीवाने हो गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वे बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं। साथ ही उन्होंने कहा भारत उनके नेतृत्व में विकास में काफी तेजी से प्रगति कर रहा है। पुतिन ने वित्तीय सुरक्षा और साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई के क्षेत्र में रूस और भारत के बीच आगे सहयोग की भी उम्मीद जताई है। मीडिया चैनल पर जारी वीडियो के अनुसार पुतिन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे बहुत अच्छे राजनीतिक संबंध हैं। वह बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं। विकास के एजेंडे पर भारत और रुस दोनों पूरी तरह से मेल खाते हैं।



गौरतलब है कि नई दिल्ली स्थित जी20 घोषणापत्र में यूक्रेन में ल रहे संघर्ष में शांति स्थापित करने का आह्वान किया गया था, लेकिन इसका पूरा दोष रुस पर नहीं डाला गया था। वहीं नई दिल्ली घोषणापत्र का मॉस्को ने स्वागत किया, जिसने इसे एक मील का पत्थर करार दिया। पिछले महीने भी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में सही काम कर रहे हैं। आठवें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) में दिए गए संबोधन में पुतिन ने कहा, वे भारतीय निर्मित वाहनों के निर्माण और उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए सही काम कर रहे हैं।

## वित्त मंत्री बोले- आईएमएफ से चर्चा पूरी होने के बाद मिलेगी 330 मिलियन डॉलर के बेलआउट की दूसरी किस्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के वित्त मंत्री शेहान सेमासिंघे ने कहा कि देश और वैश्विक ऋणदाता के बीच कुछ लंबित वित्तीय मामलों पर चर्चा पूरी होने के बाद द्वीप राष्ट्र को आईएमएफ के 330 मिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज की दूसरी किस्त मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बेलआउट कार्यक्रम से निपटने के सरकार के तरीके की आलोचना करने वाले मुख्य विपक्षी नेता साजित प्रेमदासा के सवालों का संसद में जवाब देते हुए सेमासिंघे ने वैश्विक ऋणदाता के कार्यक्रम को रोकने के लिए राजनीति से प्रेरित मामलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा, आईएमएफ बेलआउट की दूसरी किस्त जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी और इसे रोके जाने का कोई खतरा नहीं है।श्रीलंका इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट से प्रभावित हुआ था, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक महत्वपूर्ण निचले स्तर पर गिर गया और जनता ईंधन, उर्वरकों और आवश्यक वस्तुओं की कमी का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आई थी।

आईएमएफ ने इस साल मार्च में श्रीलंका की आर्थिक नीतियों और सुधारों का समर्थन करने के लिए विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत 48 महीने के 2.9 अरब डॉलर की विस्तारित व्यवस्था को मंजूरी दी थी।

देश के लिए वैश्विक ऋणदाता-समर्थित विस्तारित निधि सुविधा कार्यक्रम की पहली समीक्षा के लिए श्रीलंका का दौरा करने वाले आईएमएफ मिशन ने कहा कि स्थिरता के शुरुआती संकेतों के बावजूद पूर्ण आर्थिक सुधार अभी तक सुनिश्चित नहीं है।


## नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा: अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लागू; गंतव्य तक पहुंचाए गए भारत से जाने वाले लोग

**काठमांडू।** नेपाली प्रशासन ने सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए एक सीमावर्ती शहर में लगाए गए अनिश्चितकालीन कर्फ्यू को और तेज कर दिया है। प्रशासन ने भारत से देश में आने वाले लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। काठमांडू से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में नेपालगंज में एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद हुई सांप्रदायिक झड़प में पांच सुरक्षाकर्मियों सहित कम से कम 22 लोग घायल हो गए। झड़प के बाद बांके जिला प्रशासन ने उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे शहर में मंगलवार दोपहर एक बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। बांके के मुख्य जिला अधिकारी बिपिन आचार्य ने कहा कि कर्फ्यू बढ़ा दिया गया है और जमुनहा प्वाइंट के माध्यम से नेपाल में प्रवेश करने वाले लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शहर में स्थिति को शांत करने के लिए जल्द से जल्द एक सर्वदलीय बैठक आयोजित करेगा। जमुनहा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिन बहादुर बिस्ता के मुताबिक, अब तक भारत से आए 1,500 नेपालियों को सुरक्षित उस स्थान तक पहुंचाया गया है।

# जेलेंस्की पर बरसे रामास्वामी, यूक्रेन में चुनाव कराने के लिए अमेरिका से फंड मांगने पर लगाई लताड़

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर यूक्रेन में आम चुनाव कराने के लिए अमेरिका से ज्यादा फंड मांगने पर निशाना साधा है। एक मीडिया इंटरव्यू में विवेक रामास्वामी ने अपने उस बयान का भी बचाव किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर वह अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह यूक्रेन को दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर देंगे।

भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने कहा कि ‘तुष्टीकरण से मुझे दिक्कत है। मैं इस बारे में साफ रहना चाहता हूं कि हमें अमेरिकी लोगों से सच बोलना चाहिए। अगर पुतिन एक दुष्ट तानाशाह है, जो कि वो है, इसका मतलब ये नहीं है कि यूक्रेन अच्छा है। यूक्रेन वो देश है, जहां 11 विपक्षी पार्टियों पर प्रतिबंध



लगाया गया। साथ ही सारे मीडिया को एक सरकारी मीडिया के साथ मिला दिया गया। वहां के राष्ट्रपति ने बीते एक हफ्ते पहले ही एक नाजी की तारीफ की और अमेरिका को धमकी दी है कि अगर अमेरिका ने उन्हें और फंड नहीं दिया तो वह यूक्रेन में आम चुनाव नहीं करा सकेंगे।’

विवेक रामास्वामी ने अपने चुनाव अभियान में विश्वास जताते हुए कहा कि वह अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। रामास्वामी ने कहा कि छह महीने पहले देश के अधिकतर लोग मेरे बारे में नहीं जानते थे लेकिन अब मैं कई मामलों में तीसरे-चौथे नंबर पर हूं। मुझे लगता है कि हम अपने अभियान में आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन यह मेरे या ट्रंप के बारे में नहीं है बल्कि यह अमेरिका के बारे में है।

**व्हाइट हाउस में सीईओ की हो तैनाती**

रामास्वामी ने कहा कि ‘मैं देश के युवा लोगों तक पहुंचना चाहता हूं ताकि हम 16 साल तक के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की नीतियां बना सकें। हमें ऐसी चर्चा करनी पड़ेगी, जिससे हम चीन से आर्थिक आजादी हासिल कर सकें। रामास्वामी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि जब व्हाइट हाउस में एक सीईओ की तैनाती की जाए।’रामास्वामी ने जो बाइडन सरकार की आर्थिक नीतियों की भी आलोचना की।

## चक्रवात की चेतावनी के बावजूद हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, ताइवान के करीब भेजे सैन्य विमान और तीन शिप



**बीजिंग।** चीन ने बुधवार और गुरुवार को ताइवान को घेरने के लिए अपने एक सैन्य एयरक्राफ्ट के साथ तीन शिप्स को साथ भेजा। चौंकाने वाली बात यह है कि ड्रैगन ने यह हरकत ऐसे समय में की है, जब ताइवान जलडमरूमध्य में भीषण चक्रवात आने की चेतावनी जारी की गई है। इसके बावजूद चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की वायुसेना और नौसेना ने अपने एय़रक्राफ्ट और शिप्स को ताइवान की सीमा के काफी करीब भेज दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, चीन के विमान और जहाजों के मार्ग का खुलासा नहीं हो सका, क्योंकि यह सभी ताइवान और चीन के बीच जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार नहीं कर पाए थे। ऐसे में ताइवान की रक्षा प्रणालियां भी अलर्ट नहीं हुई थीं। मंत्रालय ने कहा कि वह चीन की हरकतों पर नजर रखने के लिए जरूरी उपकरणों को तैयार रख रहा है।

# ‘बहुसंख्यक होने के बावजूद हिंदुओं की मानसिकता अल्पसंख्यकों वाली’, फ्रांस के पत्रकार का बयान

**वाशिंगटन।** फ्रेंच पत्रकार फ्रांस्वा गॉटियर ने हिंदू समुदाय को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने हिंदुओं में अभी भी अल्पसंख्यक मानसिकता और भाईचारे में कमी बताया है। गॉटियर इन दिनों अमेरिका में अपने द्वारा भारत के महाराष्ट्र के पुणे शहर में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज म्यूजियम के लिए धन जुटाने में लगे हुए हैं। उन्होंने अमेरिका में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग के विश्व सांस्कृतिक त्योहार में भी हिस्सा लिया था।

एक इंटरव्यू के दौरान गॉटियर ने कहा, ‘इतिहास से सबक यह है कि हिंदुओं को लड़ना चाहिए। विश्व में आज भी हिदू धर्म पर हमले हो रहे हैं। चाहे वह पाकिस्तान हो या अफगानिस्तान या फिर ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मान्तरण हो यह अब भारत में एक बहुत बड़ी समस्या है, खासकर दक्षिणी भारत और पंजाब में। या फिर यह कहा जाए कि यह भारत का पश्चिमीकरण है जो केबल टीवी के माध्यम से हो रहा है।’

विश्व स्तर पर हिंदुओं की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ‘दुनिया में हर जगह सरकारों द्वारा भारत के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए भारतविदों को भेजा जाता है। ये वो लोग हैं जो कहते हैं कि हिंदू कट्टरवाद इस्लामिक कट्टरवाद जितना ही खतरनाक है, जो कि बिलकुल भी सच नहीं है। क्योंकि हिंदू कभी भी भारत से बाहर नहीं गया और न ही अपना अलग धर्म स्थापित किया जैसा कि ईसाई धर्म ने दक्षिण



अमेरिका में किया और अन्य सभ्यताओं को मिटा दिया। इस्लाम ने भी मिस्र में जाकर वहां की सभ्यता को मिटा दिया। हिंदुओं ने कभी भी धर्म बदलने या बदलवाने की कोशिश नहीं की।’

**बहुसंख्यक होने के बावजूद मानसिकता अल्पसंख्यक: गॉटियर**

यह देखते हुए कि 1.3 अरब की आबादी वाले भारत में हिंदू बहुसंख्यक हैं और हिंदू धर्म दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है, उन्होंने हिंदुओं को शांतिपूर्ण लोग बताया। फ्रेंच पत्रकार ने आगे कहा, ‘लेकिन उनकी मानसिकता अल्पसंख्यक है। यह एक बहुत बड़ी समस्या है। भारत में भले ही वह बहुसंख्यक है, लेकिन मानसिकता से वे अल्पसंख्यक है।’

शिवाजी महाराज म्यूजियम पर बात करते हुए गॉटियर ने कहा, ‘मैं उनका सम्मान करता हूं, क्योंकि साहस असाधारण था। उनका साहस बुद्धिमता से भी अधिक था।

लेकिन हिंदुओं पर इतना अत्याचार किया गया, उन पर इतनी क्रूरता से हमला किया गया, हत्याएं की गईं और दुष्कर्म किए गए कि आज हिंदुओं में डर की मानसिकता है।’

गॉटियर ने हिंदुओं को विश्व का सबसे सहिष्णु लोग बताया है। उन्होंने कहा, ‘पीएम मोदी कहते हैं कि वह मुस्लिमों, ईसाईयों पश्चिमी लोगों से लेकर हर किसी के पास पहुंचते हैं। जो कोई भी यह कहता है कि हिन्दू कट्टरवाद का उदय हो रहा है, यह बिल्कुल गलत है।’ फ्रेंच पत्रकार ने बताया कि इसी वजह से वह म्यूजियम बना रहे हैं।

# जो बाइडन के ‘कमांडर’ को व्हाइट हाउस से निकाला गया, कई स्टाफ को काटकर किया घायल

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कुत्ते कमांडर को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया है। दरअसल जो बाइडन के पालतू कुत्ते ने व्हाइट हाउस के कई स्टाफ और सीक्रेट सर्विस के जवानों को काट लिया था। ऐसे में बाइडन के दो साल के इस जर्मन शेफर्ड कुत्ते को किसी अज्ञात जगह पर भेज दिया गया है। अमेरिका के मीडिया में भी ये बात चर्चा में आ गई थी कि राष्ट्रपति के पालतू कुत्ते ने कई स्टाफ को निशाना बनाया है, जिसके बाद ‘कमांडर’ को व्हाइट हाउस से हटाने का फैसला किया गया।

**स्टाफ के 11 लोगों को काटा**-अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात रहने वाले सीक्रेट सर्विस के 11 जवानों को कमांडर ने काट लिया था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, असल में कमांडर के स्टाफ को




काटने की घटनाओं का आंकड़ा बताए गए आंकड़े से काफी ज्यादा है। अमेरिका की प्रथम महिला और राष्ट्रपति की पत्नी जिल बाइडन की कम्युनिकेशन डायरेक्टर एलिजाबेथ एलेक्जेंडर ने बताया कि राष्ट्रपति और प्रथम महिला स्टाफ की सुरक्षा का काफी ध्यान रखते हैं क्योंकि वह व्हाइट हाउस और उनकी हर दिन सुरक्षा करते हैं। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि कमांडर को हमेशा के लिए व्हाइट हाउस से हटाया गया है या फिर कुछ समय बाद फिर से उसकी वापसी हो सकती है।

**बाइडन व्हाइट हाउस के तनावपूर्ण माहौल को लेकर जता चुके हैं चिंता**

इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस के तनावपूर्ण माहौल को उनके पालतु जानवरों के व्यवहार में आक्रामकता आने की वजह बताया था। इससे पहले जो बाइडन के दूसरे पालतू कुत्ते मेजर को भी व्हाइट हाउस से हटाया जा चुका है। वहीं बाइडन के एक पालतू कुत्ते चैंप की साल 2021 में मौत हो गई थी।

## ताइवान पर मंडराया शक्तिशाली तूफान ‘कोइनु’ का खतरा, उड़ानें रद्द, स्कूल-कॉलेज बंद

**वाशिंगटन।**पश्चिमी प्रशांत बेसिन में उठा शक्तिशाली तूफान ‘कोइनु’ के खतरे को देखते हुए ताइवान की सरकार ने उड़ानें रद्द करने के साथ स्कूल-कॉलेज बंद करने का आदेश दिया है। वहीं, तूफान के कारण ताइवान में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। इसका असर ताइवान के अलावा फिलीपींस के उत्तरी हिस्से और दक्षिणपूर्वी चीन में दिख रहा है। द्वीप के केंद्रीय मौसम प्रशासन ने जानकारी दी कि कोइनु जो पिछले सात्पाहांत प्रशांत महासागर के ऊपर बना था, वह बुधवार की दोपहर तक पूर्वी ताइवान से केवल 150 किमी की दूरी पर था। वह पश्चिम की तरफ नौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। ताइवान की मौसम एजेंसी के मौसम विज्ञानी वू वान-हुआ के अनुसार गुरुवार और भारी बारिश की भी संभावना जताई जा रही है। दक्षिणी ताइवान के तटों के आसपास सात मीटर या 23 फीट से अधिक ऊंची लहरें उठने की भी आशंका है। कोइनू की हवाएं बुधवार सुबह तक श्रेणी-4 के तूफान के बराबर थी, लेकिन ताइवान के दक्षिणी छोर तक पहुंचने पर यह तुफान कमजोर होने की संभावना है। यह साओला तूफान की ही तरह है, जिसके कारण पिछले महीने यातायात बाधित करने के साथ स्कूलों को भी बंद करना पड़ा था। जुलाई में डोकसुरी तूफान के कारण फिलिपीन में सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई थी।



# पाकिस्तान के मीडिया पर नियंत्रण करना चाहता है चीन, अमेरिकी रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। इस रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

मुकाबला करने का फैसला किया है। इसके लिए चीन और पाकिस्तान ने मिलकर सीपेक



रैपिड रेस्पॉन्स इंफोर्मेशन नेटवर्क अभियान की शुरुआत की है और इसके तहत जल्द ही चीन-पाकिस्तान मीडिया कॉरिडोर को लॉन्च किया जाएगा। साल 2021 में चीन और पाकिस्तान के बीच इस मुद्दे पर बातचीत भी हुई थी। इसके तहत दोनों देशों ने मिलकर एक ‘नर्व सेंटर’ बनाने पर चर्चा की थी, जो पाकिस्तानी मीडिया में चल रहीं खबरों को नियंत्रित करेगा।

**पाकिस्तानी मीडिया पर नियंत्रण चाहता है चीन**

अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों देश संयुक्त रूप से कथित अफवाहों के खंडन और पक्ष की खबरों के प्रचार के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार करने पर भी चर्चा कर रहे हैं। साथ ही अहम खबरों का उर्दू में अनुवाद किया जाएगा ताकि लोगों के विचारों को अपने पक्ष में किया जाए। चीनी दूतावास की खबरों को पाकिस्तान के मीडिया रिलीज सिस्टम में मुहैया कराना और किसी मुद्दे पर लोगों की आलोचना को मॉनिटर करने पर भी बात हो रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सरकार अपने पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए दुनियाभर में अरबों डॉलर खर्च कर रही है। साथ ही आलोचना करने वाली खबरों जैसे ताइवान, मानवाधिकार, दक्षिण चीन सागर और घरेलू अर्थव्यवस्था संबंधित नकारात्मक खबरों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

# ‘एक पुरुष सिर्फ पुरुष है और महिला सिर्फ महिला’, लैंगिक समानता पर दिए बयान से घिरे पीएम सुनक

**लंदन।** ब्रिटिश के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लैंगिक समानता पर दिए गए अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। चार अक्तूबर को कंजर्वेटिव पार्टी कॉन्फ्रेंस में अपने समापन भाषण के दौरान पीएम सुनक ने लैंगिक बहस पर अपना रुख साझा करते हुए कहा था, एक पुरुष सिर्फ पुरुष है और एक महिला सिर्फ महिला।

कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम सुनक ने कहा, ‘हमें इस बात पर विश्वास नहीं करना चाहिए कि लोग अपने हिसाब से किसी भी लिंग के हो सकते हैं। ऐसे नहीं हो सकता है। एक पुरुष हमेशा पुरुष है और एक महिला केवल एक महिला है। यह केवल सामान्य ज्ञान है।’ उन्होंने आगे कहा, ‘हम इस देश को बदलने जा रहे हैं, इसका मतलब है जीवन का मतलब है जीवन। यह कोई विवादसास्पद स्थिति नहीं होनी चाहिए। परिश्रमी लोगों का एक



विशाल बहुमत इस बात से सहमत है। यह अभिभावकों के लिए भी विवादास्पद नहीं होना चाहिए कि उनके बच्चे संबंधों को लेकर क्या सीख रहे हैं।’

पीएम सुनक के इस बयान पर कई लोगों ने सहमति जताई है, तो वहीं समलैंगिक समुदाय के लिए किए गए उनके बयान को कुछ लोगों ने अनुचित ठहराया है। वहीं कुछ अन्य लोगों का मानना है कि उनकी यह टिप्पणी सामान्य ज्ञान से कोसो दूर है। पीएम सुनक के बयान पर एक यूजर ने लिखा, ‘मैं सुनक द्वारा गणित पर बात करने को लेकर तंग आ चुका हूं, लेकिन उनका जीव विज्ञान बहुत कमजोर है। बायोलॉजिकल सेक्स बहुत जटिल है और काफी मजेदार भी। यह बिलकुल भी सामान्य ज्ञान नहीं है।’ वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, ‘टोरी पार्टी दिन पर दिन अधिक कट्टरपंथी होते जा रही है, जो कि वास्तव में बहुत डरावना है।’ पीएम सुनक का बयान तीन अक्तूबर को स्वास्थ्य सचिव स्टीव बार्कले के उस बयान के बाद आया, जिसमें बार्कले ने कहा था कि इंग्लैंड के अस्पताल के महिला वॉर्ड में समलैंगिक महिलाओं पर प्रतिबंध लगाने की योजना पर प्रस्ताव रखा जाएगा।